हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, रविवार, 16 फरवरी 2025 अंक 125/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या डायबिटीज से परेशान हो ?

डायबेटीज चेकअप करके

पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणु दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# बोलेरो और बस में भीषण टक्कर

## हादसे में 10 की मौत, 19 घायल

**प्रयागराज.**



उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर-प्रयागराज हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हो गया. जहां एक बोलेरो और बस की भिड़ंत हो गई. जिससे 10 लोगों की मौत हो गई. जबकि 19 घायल हो गए. हादसा इतना भयानक था कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए. वहीं, हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई. घटना को लेकर डीसीपी यमुनानगर विवेकचंद्र यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ से महाकुंभ में श्रद्धालुओं को ले जा रही बोलेरो की बस से टक्कर होने से 10 लोगों की मौत हो गई. यह हादसा शुक्रवार रात करीब 12 बजे प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर थाना मेजा के अंतर्गत हुआ. शवों को पोस्टमार्टम के लिए स्वरूप रानी मेडिकल अस्पताल ले जाया गया है. आगे की प्रक्रिया अभी जारी है. हालांकि, हादसा कैसे हुआ? इसकी सही वजहों के बारे में पता नहीं चल पाया है. पुलिस टीम की तरफ से मामले की जांच की जा रही है. हादसा इतना भयानक था कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए. प्रयागराज में महाकुंभ शुरू होने के बाद 7वें दिन ही सेक्टर 19 में भीषण आग लगी थी। इस दौरान कई टेंट आग में जल गए और सिलेंडर भी फटने की आवाज दूर तक सुनी गई थी। बता दें दो दिन पहले यानी 13 फरवरी को भी महाकुंभ मेला क्षेत्र के दो अलग-अलग जोन में आग लगी थी, जिस पर काबू पा लिया गया था। इससे पहले 9 फरवरी को सेक्टर 9 के कल्पवासी टेंट में सिलेंडर लीक होने से भी आग लग चुकी है। जानकारी के मुताबिक महाकुंभ मेले में सेक्टर 19 के मोरी मार्ग पर आग लगाने के सूचना आई।

इसके बाद 10 मिनट में फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। भीड़ को मौके से हटाया गया। हालांकि तब तक अयोध्या धाम का लवकुश आश्रम जलकर खाक हो गया। बताया जा रहा है कि आग शाम 5.45 बजे शॉर्ट सर्किट के चलते लगी थी। वहीं डीआईजी महाकुंभ वैभव कृष्ण ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। ताजा आग की घटना को लेकर महाकुंभ मेला प्रशासन समेत अन्य टीम मौके पर जांच में जुट गई है। प्रयागराज में महाकुंभ से तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक पर्यटक वैन शनिवार को गुजरात के दाहोद जिले में एक राजमार्ग पर खड़े ट्रक से टकरा गई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए. यह दुर्घटना इंदौर-अहमदाबाद राजमार्ग पर लिमखेड़ा के पास सुबह करीब 2.15 बजे हुई. पुलिस ने बताया कि 10 तीर्थयात्रियों को ले जा रही पर्यटक वैन सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई. मृतकों में एक महिला भी शामिल है, जो भरूच जिले के अंकलेश्वर की थी. मृतकों की पहचान अंकलेश्वर निवासी देवराज नकुम (49) और उनकी पत्नी जसुबा (47) एवं ढोलका निवासी सिद्धराज डाभी (32) व रमेश गोस्वामी (47) के रूप में हुई है.

### बस में सवार 19 श्रद्धालु हुए जख्मी



बताया जा रहा है कि बस में सवार 19 श्रद्धालु जख्मी हो गए. सभी मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के रहने वाले हैं. फिलहाल सभी घायलों का इलाज चल रहा है. हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख भी जताया है. एक्स पर किए गए पोस्ट में उन्होंने जनपद प्रयागराज में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया. साथ ही मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं. इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है.



गैस से 13 स्कूली बच्चे हुए अचेत

# चंबल फर्टिलाइजर्स केमिकल लि. में हुआ गैस रिसाव

**जयपुर.** राजस्थान के कोटा के चंबल फर्टिलाइजर्स केमिकल लिमिटेड में शनिवार को गैस का रिसाव हो गया. जिससे 13 स्कूली बच्चे चपेट में आ गए और अचेत हो गए. जिससे 13 स्कूली बच्चे चपेट में आ गए और अचेत हो गए. जिसके बाद 7 बच्चों को कोटा एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं, बाकी स्कूली बच्चों का सीएफसीएल डिस्पेंसरी में इलाज चल रहा है. इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. जानकारी के अनुसार कोटा-बारां हाइवे पर गढ़ेपान में सीएफसीएल केमिकल की फ्रैक्ट्री है. शनिवार को दोपहर अचानक फैक्ट्री में गैस का रिसाव हो गया. जिससे बच्चे अचेत हो गए. फिलहाल गैस कैसे लीक हुई, इसको लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है. मौके पर जिम्मेदार अधिकारी भी पहुंच गए हैं. मामले की जांच की जा रही है. जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी.

इधर, गैस लीक की खबर लगते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी पहुंच गए और कंपनी के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन करने लगे. इस दौरान मौके पर मौजूद अधिकारियों ने उन्हें समझाने की कोशिश की. जिससे स्थानीय लोगों की अधिकारियों से भी झड़प हो गई. फिलहाल स्थिति कंट्रोल में है और घायल बच्चों का इलाज जारी है. मामले की जानकारी लगते ही जिला कलेक्टर रविंद्र गोस्वामी और ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर भी स्कूल पहुंच गए हैं. एसपी सुजीत शंकर ने कहा कि कंपनी में गैस रिसाव के चलते 13 बच्चे अचेत हो गए थे. जिन्हें इलाज के लिए भर्ती कराया गया है. पूरे मामले की जांच की जा रही है. जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# किसानों की केंद्र सरकार के साथ अगली बैठक 22 को

## कृषि मंत्री शिवराज चौहान होंगे शामिल

**नई दिल्ली.**





कमोबेश एक साल से आंदोलन कर रहे किसानों ने शुक्रवार को केंद्र के प्रतिनिधि के साथ बैठक की. चंडीगढ़ में यह मीटिंग हुई और 22 फरवरी को अगली बैठक शेड्यूल की गई है. केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के नेतृत्व में एक केंद्रीय टीम और किसान नेताओं के बीच एमएसपी समेत कई मुद्दों पर चर्चा की. किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल मीटिंग के बाद कहा, हम एक और बैठक करेंगे, और कृषि मंत्री शिवराज चौहान और गृह मंत्री मौजूद रहेंगे. यह मीटिंग चंडीगढ़ या दिल्ली हो सकती है. जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा, "मीटिंग दिल्ली में होगी या चंडीगढ़ होगी इसके बारे में एक-दो दिन में जानकारी दे दी जाएगी.

उस मीटिंग में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और अन्य दो केंद्रीय मंत्री भी होंगे शामिल." केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने किसानों के साथ मीटिंग के बाद कहा, "आज सभी मुद्दों पर बातचीत हुई है. हमने शांतिपूर्ण तरीके से किसानों की मांगों की सुना है. 22 फरवरी को शिवराज चौहान के नेतृत्व में अगली बैठक होगी. केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अगली बैठक में खुद शिवराज सिंह चौहान भी शामिल होंगे.

किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने मीटिंग के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "28 सदस्यीय किसान नेताओं ने केंद्रीय नेताओं से मुलाकात की. हमने दस्तावेजों के साथ तथ्य रखे हैं. मंत्रियों और अधिकारियों ने हमें कोई जवाब नहीं दिया डल्लेवाल ने आज अपनी पोती खो दी लेकिन वह फिर भी बैठक के लिए आए. दोनों मंचों ने डल्लेवाल जी से अनशन छोड़ने का अनुरोध किया लेकिन मैं अपना अनशन तब तक जारी रखूंगा जब तक एमएसपी गारंटी कानून पारित नहीं हो जाता. मीटिंग में खासतौर से फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी पर चर्चा की गई. यह बैठक एक साल से चल रहे किसानों के प्रदर्शन के बाद आयोजित की गई थी. केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विभिन्न किसान प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श किया. इस प्रतिनिधिमंडल में 28 सदस्यीय संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के नेता शामिल थे, जो किसान आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे. बैठक का आयोजन चंडीगढ़ में महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान में किया गया, जिसमें पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री लाल चंद कतारुचक, चीफ सेक्रेटरी केएपी सिन्हा और डीजीपी गौरव यादव मौजूद थे. किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल, जो अपनी भूख हड़ताल के कारण वाहनों में थे, को भी बैठक में लाया गया. उन्होंने कहा कि खन्नौरी प्रदर्शन स्थल से चंडीगढ़ पहुंचने में चार घंटे लगे. डल्लेवाल संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के संयोजक हैं. वह 26 नवंबर से खन्नौरी सीमा बिंदु पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे हैं. उनका कहना है कि केंद्र सरकार से एमएसपी की कानूनी गारंटी सहित कई मांगों को मानने का सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं.

## आज दिल्ली आएंगे सीएम नीतीश कुमार

**पटना.**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 16 फरवरी, रविवार को दिल्ली रवाना होंगे. जहां वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर सकते हैं. इस बैठक में वह केंद्रीय बजट 2023-24 में बिहार को मिली सौगातों के लिए पीएम मोदी का धन्यवाद करेंगे. इसी कारण, 17 फरवरी को उनकी निर्धारित प्रगति यात्रा स्थगित कर दी गई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को भागलपुर आएंगे, जहां वे पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करेंगे. साथ ही, वह नई परियोजनाओं की भी घोषणा कर सकते हैं. एनडीए गठबंधन इस दौरे की तैयारियों में जुट गया है, जिससे आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर बिहार को विशेष महत्व मिल रहा है. नीतीश कुमार का यह दिल्ली दौरा राजनीतिक दृष्टि से भी अहम माना जा रहा है. जहां एक ओर वह बिहार को बजट में मिले विशेष ध्यान के लिए पीएम मोदी का आभार व्यक्त करेंगे.

## चकराता के ऊंचाई वाले इलाकों में शुरू हुई बर्फबारी

**देहरादून.** क्षेत्र में शनिवार को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। इससे चकराता क्षेत्र में सीजन की पांचवीं बर्फबारी हुई। हालांकि हल्की बर्फ पड़ने के बाद धूप भी खिल गई। बर्फबारी के बाद क्षेत्र में एक बार फिर ठंड बढ़ गई है। पछुवादून में भी सुबह हल्की बूंदाबांदी हुई और इससे मौसम सर्द बना रहा। शुक्रवार रात तक चकराता क्षेत्र में मौसम साफ था। शनिवार सुबह से ही आसमान में घने बादल छाने शुरू हुए। सुबह बारिश शुरू हुई, इसके बाद ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई। लेकिन चकराता बाजार एक बार फिर बर्फबारी से वंचित रह गया, इससे लोग थोड़े मायूस नजर आए। शनिवार सुबह क्षेत्र की ऊंची चोटियों देवबन, लोखंडी, लोहारी, खडम्बा, व्यास शिखर, मुंडाली, चोरानी, मोयला टॉप आदि पर बर्फबारी के बाद पहाड़ियों पर बर्फ की सफेद चादर जमी नजर आई। क्षेत्र के लोखंडी में करीब दो से तीन सेंटीमीटर बर्फ पड़ी।

## जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन पर हुड़दंग


**नई दिल्ली.** दिल्ली मेट्रो के जामा मस्जिद रेलवे स्टेशन पर युवकों द्वारा हुड़दंग मचाने और एएफसी गेट कूदकर पार करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में नजर आ रहा है कि एक के बाद एक कई युवक (ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन) गेट कूदकर पार कर रहे हैं। वहीं, कुछ युवक इस मौके पर वीडियो भी बना रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद जब सोशल मीडिया यूजर्स ने सवाल उठाए तो



डीएमआरसी ने सफाई जारी की। डीएमआरसी ने कहा कि यह स्थिति सिर्फ थोड़ी देर के लिए बनी थी और हालात कभी भी कंट्रोल से बाहर नहीं हुए थे। वीडियो के वायरल होने के बाद डीएमआरसी के कॉरपोरेट कम्यूनिकेशंस के प्रिंसिपल एग्जेक्यूटिव डायरेक्टर अनुज दयाल ने एक बयान जारी कर कहा, 'सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो के संदर्भ में, जिसमें कुछ यात्री एएफसी गेट को फांदकर बाहर निकल रहे हैं, डीएमआरसी यह सूचित करना चाहता है कि यह घटना 13 फरवरी की शाम को वायलेट लाइन पर जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन की है। कुछ यात्रियों द्वारा एएफसी गेट को फांदकर बाहर निकलने के दौरान कुछ समय के लिए यात्रियों की अस्थाई भीड़ उमड़ पड़ी थी। अनुज दयाल ने अपने बयान में कहा, 'ऐसे यात्रियों को सलाह देने के लिए सुरक्षाकर्मी और अन्य कर्मचारी पर्याप्त रूप से मौजूद थे और स्थिति कभी भी नियंत्रण से बाहर नहीं हुई।

## जीबीएस के 2 नए मामले

**मुंबई.** महाराष्ट्र के स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को गिलियन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के छह नए मामले दर्ज किए हैं और एक की मौत हो गई. विभाग का कहना है कि आज तक कुल 203 संदिग्ध मरीज़ों का पता चला है. इनमें से 176 मरीजों में जीबीएस पाया गया. अब तक कुल 8 मौतें हुई हैं. इनमें से 4 मौतों की पुष्टि जीबीएस से हुई और 4 संदिग्ध मौतें रिपोर्ट की गईं. विभाग की मानें तो पुणे एमसी से 41 मरीज, पीएमसी क्षेत्र में नए जोड़े गए गांवों से 94, पिंपरी चिंचवाड़ एमसी से 29, पुणे ग्रामीण से 31 और अन्य जिलों से 8 मरीज मिले हैं. इनमें से 109 मरीज़ों को अब तक अस्पताल से छुट्टी मिल गई है तो 52 मरीज आईसीयू में हैं और 20 वेंटिलेटर पर हैं. राज्य के स्वास्थ्य अधिकारी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और प्रभावित इलाकों में निगरानी प्रयासों को तेज कर दिया है. इससे पहले



6 फरवरी को पुणे नगर निगम (पीएमसी) ने नांदेड़ गांव, धायरी और पुणे शहर के सिंहगढ़ रोड पर आस-पास के इलाकों में 30 निजी जल आपूर्ति संयंत्रों को सील कर दिया था. इन इलाकों की पहचान प्रकोप के केंद्र के रूप में की गई है. 6 फरवरी को पीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि पिछले दो दिनों में इन संयंत्रों के खिलाफ कार्रवाई की गई.

## को-ऑपरेटिव बैंक मामले में हितेश मेहता को ईडब्लूओ ने किया गिरफ्तार




**मुंबई.**

इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक घोटाले की जांच मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने हितेश मेहता नाम के शख्स को गिरफ्तार किया है. हितेश मेहता बैंक के जनरल मैनेजर हैं. हाल ही में आरबीआई ने बैंक में भारी अनियमितता के कारण कई प्रकार के प्रतिबंध लगाए है. इसके बाद से बैंक के ग्राहक बेहद परेशान हैं. जनरल मैनेजर पर 122 करोड़ रुपये के गबन के आरोप हैं. बैंक के जनरल मैनेजर हितेश मेहता को आर्थिक अपराध शाखा ने समन भेजा था. उनसे बुक्स ऑफ अकाउंट की डिटेल मांगी गई थी. इसकी फ़रेंसिक ऑडिटिंग की जाएगी. बैंक पर प्रतिबंध लगाने से खाता धारकों को समस्या आ रही है. हालांकि कोशिश की जा रही है कि बैंक को रिवाइव किया जाए ताकि इसके 1.3 लाख खाता धारकों को राहत मिल सके. यह धोखाधड़ी 2020 से 2025 के बीच की गई है. बैंक के एक अधिकारी की तरफ से ही आर्थिक अपराध शाखा को शिकायत मिली थी. उन्होंने नोटिस किया है कि बुक्स ऑफ अकाउंट और कैश टैली नहीं हो रही है. 122 करोड़ की हेराफेरी दिख रही है. उन्होंने पाया कि अवैध निकासी हुई है. हितेश पर निकासी के आरोप लगे हैं. आरोपी हितेश पर पहले दादर और गोरगांव शाखा की जिम्मेदारी थी. जब वह वहां नियुक्त थे तभी पैसों की हेराफेरी हुई थी.

दोनों ही खातों से गबन हुआ था. इसलिए पूछताछ के लिए हितेश को बुलाया गया था. उधर, मुख्य अकाउंटेंट की शिकायत पर दादर थाने में एफआईआर दर्ज की गई. बीएनसी की धारा 316 (5) और 61 (2) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है. 13 फरवरी को आरबीआई ने बैंक के कारोबार पर बैन लगा दिया था. इसके तहत बैंक ग्राहकों को ना तो कोई लोन दे सकता है और ना ही डिपॉजिट ले सकता है. इस फैसले से जमाकर्ताओं की मुसीबत बढ़ गई. क्योंकि वे अपने पैसे नहीं निकाल सकते.

# दिल्ली में 'ट्रिपल इंजन' सरकार बनाने की कवायद तेज

## आप के तीन पार्षद हुए बीजेपी में शामिल

**नई दिल्ली.**




दिल्ली में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने ट्रिपल इंजन की सरकार बनने की कवायद तेज कर दी है. आम आदमी पार्टी के तीन मौजूदा पार्षद बीजेपी में शामिल हो गए हैं. दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने तीनों पार्षदों को पार्टी की सदस्यता दिलवाई है. आम आदमी पार्टी के जो पार्षद बीजेपी में शामिल हुए हैं उनमें एंड्रयूज गंज से पार्षद अनीता बसोया, आरके पुरम से पार्षद धर्मवीर और चपराना वार्ड 152 से पार्षद निखिल शामिल हैं. दिल्ली विधानसभा में प्रचंड जीत के बाद अब बीजेपी की नजरें एमसीडी पर भी हैं. इसी साल अप्रैल में दिल्ली नगर निगम के मेयर का चुनाव होना है. दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद अब एमसीडी में भी बीजेपी का पलड़ा भारी होगा. विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 48 सीटें हासिल की हैं तो वहीं आप के खाते में 22 सीटें आई हैं. मेयर का पिछला चुनाव नवंबर 2024 में हुआ था लेकिन कार्यकाल केवल पांच महीने का है. तब आप के महेश खिंची बीजेपी के किशन लाल से केवल तीन वोटों से ही जीत पाए थे. मेयर चुनाव में कुल 263 वोट डाले गए थे जिनमें महेश खिंची को 133 और किशन लाल को 130 वोट मिले थे जबकि दो वोट अवैध हो गए थे. खबर है कि दिल्ली में 19 या 20 फरवरी को शपथग्रहण हो सकता है. इसका मतलब ये कि दिल्ली को 5 दिनों के अंदर नया मुख्यमंत्री मिल जाने की पूरी पूरी संभावना है. जानकारी ये भी है कि 17 या 18 फरवरी को बीजेपी विधायक दल की बैठक हो सकती है, उसमें सीएम के नाम पर मुहर लग सकती है. सूत्रों से खबर है कि 48 में से 15 विधायकों के नाम छांटे गए हैं, उसमें से 9 नाम शॉर्ट लिस्ट किए जाएंगे. फिर उन 9 में से ही मुख्यमंत्री, मंत्री और स्पीकर का नाम तय किया जाएगा.

### चुनाव से पहले बीजेपी में शामिल हुए 8 आप विधायक

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी छोड़ने वाले 8 विधायक भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे. इन विधायकों ने आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दिया था और अगले ही दिन सभी ने बीजेपी का दामन थाम लिया है. दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और प्रदेश प्रभारी बैजयंत पांडा की मौजूदगी में 8 विधायकों ने पार्टी जॉइन की थी.

## कतर के अमीर शेख तमीम 17-18 फरवरी को भारत में

**नई दिल्ली.** कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी भारत दौरे पर आने वाले हैं. उनका ये दौरा 17-18 फरवरी को को होगा. भारत के राजकीय दौरे पर आ रहे कतर के अमीर शेख अल थानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे. साथ ही वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी मुलाकात करेंगे. कतर के अमीर के साथ उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा, जिसमें कई मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और बिजनेस डेलीगेशन भी शामिल होगा. 18 फरवरी को राष्ट्रपति भवन में शेख तमीम बिन हमद अल थानी का औपचारिक स्वागत किया जाएगा. कतर- भारत का सबसे बड़ा एलएनजी सप्लायर है. वित्त वर्ष 2022-23 में कतर के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार लगभग 18.77 बिलियन अमेरिकी डॉलर था. कतर के ऊर्जा मंत्री साद शेरिदा अल-काबी ने इस महीने की शुरुआत में इंडिया एनर्जी वीक के लिए भारत का दौरा किया था. अपनी यात्रा के दौरान, अल-काबी ने भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं का समर्थन करने के लिए कतर की प्रतिबद्धता पर जोर दिया.



CMYK

# नई फसल से पहले गेहूं महंगा

## > हफ्ते भर में करीब 7 फीसदी बढ़े भाव

**नई दिल्ली.**

गेहूं की नई फसल आने से पहले मंडियों में गेहूं की कीमतें आसमान पर हैं. बीते करीब एक हफ्ते के दौरान थोक भाव करीब 7 फीसद बढ़ गया है। हालांकि मौसम गेहूं की फसल के अनुकूल बना हुआ है जिस वजह से इस साल रिकॉर्ड उपज की उम्मीद जताई जा रही है। उपज बढ़ने की स्थिती में आगे चलकर भाव में नरमी भी आ सकती है। दिल्ली की थोक मंडी में शुक्रवार को गेहूं का भाव 3301 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया है, 6 फरवरी को दिल्ली में भाव 3095 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया था। गेहूं की कीमतों में यह तेजी ऐसे समय पर आई है जब मंडियों



में नई फसल की आवक शुरू होने में महीनाभर बचा है, ऊपर से सरकार के गोदामों में भी गेहूं स्टॉक पिछले साल से ज्यादा है। भारतीय खाद्य निगम के आंकड़े बताते हैं कि पहली फरवरी तक केंद्रीय पूल में गेहूं का कुल स्टॉक 161.74 लाख टन दर्ज किया गया है। पिछले साल पहली फरवरी को केंद्रीय पूल में गेहूं का कुल स्टॉक 132.66 लाख टन था। एसएमसी ग्लोबल के रिसर्च एसोसिएट रवि शंकर पांडे के मुताबिक हफ्तेभर के दौरान गेहूं की कीमतों में तेजी रह सकती है, उसके बाद कीमतों में नरमी आएगी।

इस साल देश में गेहूं का रकबा पिछले साल के मुकाबले ज्यादा है, साथ में मौसम भी फसल के अनुकूल बना हुआ है। इस वजह से गेहूं की उपज में बढ़ोतरी की उम्मीद जताई जा रही है। कृषि मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि 10 फरवरी तक देशभर में गेहूं का कुल रकबा 324.88 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया है जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 6.55 फीसद ज्यादा है. पिछले साल 10 फरवरी तक देशभर में 318.33 लाख हेक्टेयर में गेहूं की खेती दर्ज की गई थी।

### उपज बढ़ने की उम्मीद

भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ रतन तिवारी के मुताबिक देशभर में मौजूदा मौसम गेहूं की फसल के अनुकूल है, रात में तापमान कम होने की वजह से गेहूं की फसल को फायदा हो रहा है। डॉ तिवारी के मुताबिक देशभर में फसल की स्थिति बेहतर है और कहीं से रोग के प्रकोप की रिपोर्ट भी नहीं है। डॉ. रतन तिवारी का मानना है कि गेहूं की फसल और मौसम के मौजूदा हालात को देखते हुए कहा जा सकता है कि इस साल उत्पादन 11.5 करोड़ टन तक पहुंच सकता है।

# आयकर विभाग की वेबसाइट पर अपलोड हुआ आयकर विधेयक

**नई दिल्ली.**

आयकरदाता अब आयकर अधिनियम, 1961 की धाराओं का मिलान आयकर विधेयक, 2025 के संबंधित खंडों से कर सकते हैं। आयकर विभाग ने आयकर कानून 1961 की नए आयकर विधेयक की धाराओं के साथ मैपिंग कर दी है औरर आयकरदाता आयकर विभाग के पोर्टल पर जाकर इनका मिलान कर सकते हैं। सरलीकृत आयकर विधेयक 2025 को बीती 13 फरवरी को ही लोकसभा में पेश किया गया था। विधेयक के पारित होने के बाद आयकर विधेयक 2025, 64 साल पुराने आयकर कानून की जगह लेगा।

दरअसल समय के साथ आयकर कानून में बदलाव की जरूरत महसूस की जा रही थी। आयकर विधेयक 2025 में 2.6 लाख शब्द हैं, जबकि आयकर कानून में शब्दों की संख्या 5.12 लाख है। नए विधेयक में 536 धाराएं हैं, जबकि मौजूदा कानून में 819 प्रभावी धाराएं हैं। नए विधेयक में 23 अध्याय हैं, जबकि मौजूदा कानून में 47 अध्याय हैं।

विधेयक में 57 सारणी हैं जबकि मौजूदा आयकर कानून में 18 सारणियां हैं। नए विधेयक में आयकरदाताओं को कर की गणना करने में आसानी होगी। मौजूदा कानून की तुलना में नए विधेयक में 1200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं।

आयकर विभाग ने बताया कि करदाता ड्रॉप डाउन मेनू से आयकर अधिनियम, 1961 की धारा का चयन कर सकता है और उसके अनुसार, आयकर विधेयक में संबंधित खंड दिखाई देंगे। इसके अलावा, करदाताओं की सुविधा के लिए सारणीबद्ध प्रारूप में अनुभागवार मैपिंग की गई है। विधेयक में छोटे वाक्यों का उपयोग किया गया है और तालिकाओं और सूत्रों के उपयोग से इसे पाठकों के लिए आसान बनाया गया है। टीडीएस, अनुमानित कराधान, वेतन संबंधित प्रावधानों के लिए तालिकाएं प्रदान की गई हैं।

# पांच नए एक्सक्लूसिव फास्टर चैनल लॉन्च

**गुरुग्राम.**

सैमसंग टीवी प्लस, जो सैमसंग की मुफ्त विज्ञापन समर्थित स्ट्रीमिंग टीवी सेवा है, ने वार्नर ब्रदर्स के साथ मिलकर सैमसंग टीवी प्लस इंडिया पर विशेष रूप से पांच नए फास्ट ए चैनल लॉन्च किए हैं। ये डब्लू बीटीवी चैनल स्ट्रीमिंग दर्शकों को बेहतरीन कहानियाँ और उच्च गुणवत्ता वाला मुफ्त मनोरंजन प्रदान करते हैं। हिंदी कंटेंट पर विशेष जोर देने के साथ, ये नए चैनल क्षेत्रीय और शहरी दोनों दर्शकों की रुचि को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। सैमसंग टीवी प्लस एक मुफ्त स्ट्रीमिंग सेवा है, जो सैमसंग स्मार्ट टीवी पर पहले से इंस्टॉल होती है और समाचार, खेल, मनोरंजन समेत कई




तरह के चैनल प्रदान करती है। सैमसंग टीवी प्लस इंडिया के हेड, पार्टनरशिप और बिजनेस डेवलपमेंट, कुणाल मेहता ने कहा, "हमें सैमसंग टीवी प्लस पर वार्नर ब्रदर्स टेलीविजन का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। फास्ट श्रेणी में अग्रणी होने के नाते, हम अपने दर्शकों के लिए उच्चस्तरीय कंटेंट उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह साझेदारी न केवल दर्शकों के लिए मनोरंजन के अधिक विकल्प प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें बेहतर अनुभव और आसान एक्सेस भी देगी। साथ ही, यह विज्ञापनदाताओं के लिए नए अवसर भी लेकर आएगी। व्हील वर्ल्ड: कार और बाइक प्रेमियों के लिए एक हाई-ऑक्टेन डेस्टिनेशन, जहां रोमांचक ऑटो शो और बेहतरीन गैरेजों में वाहनों के रिस्टोरेशन की दिलचस्प कहानियां अंग्रेजी में पेश की जाएंगी। दुनिया के सबसे साहसिक और जोखिमभरे पेशों की रोमांचक झलक, जहां असाधारण कार्यस्थलों और निडर पेशेवरों की कहानियां हिंदी में प्रस्तुत की जाएंगी। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी, दक्षिण एशिया के वितरण प्रमुख रुचिर जैन ने कहा, "हम वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी में अपने दर्शकों को विविधतापूर्ण और उच्च-गुणवत्ता वाला मनोरंजन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# अब सस्ते में मिलेगा अमेरिकी व्हिस्की का स्वाद

## > एक साथ 50 फीसदी से ज्यादा घटे दाम

**नई दिल्ली.**

भारत ने बॉर्बन व्हिस्की पर आयात शुल्क घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया है. अमेरिका के साथ व्यापक व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने की योजना की घोषणा के बीच यह कदम उठाया गया है. बॉर्बन व्हिस्की पर सीमा शुल्क में कटौती की अधिसूचना 13 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ वार्ता से ठीक पहले की गई थी.

अन्य शराबों के आयात पर मूल सीमा शुल्क में कोई कमी नहीं की गई है. उन पर 100 प्रतिशत शुल्क लगता रहेगा. अमेरिका भारत को बॉर्बन व्हिस्की का प्रमुख निर्यातक है और भारत में आयात की जाने वाली ऐसी सभी शराब का लगभग एक-चौथाई हिस्सा अमेरिका से आता है. बॉर्बन



व्हिस्की अमेरिका की सबसे प्रसिद्ध और पारंपरिक व्हिस्की में से एक है. इसे मुख्य रूप से मक्का (कॉर्न) से बनाया जाता है और यह अपने मीठे, स्मोकी और वनीला जैसे फ्लेवर के लिए मशहूर है. अगर आप व्हिस्की के मीठे और स्मूथ फ्लेवर को पसंद करते हैं, तो बॉर्बन आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प है. चाहे आप इसे सीधा पिएं या कॉकटेल में, यह हमेशा एक शानदार एक्सपीरियंस देता है. बॉर्बन एक प्रकार की अमेरिकन व्हिस्की है, जिसे खासतौर पर कम से कम 51 फीसदी मक्का से डिस्टिल किया जाता है. इसे चार्ड ओक बैरल्स (जले हुए लकड़ी के पीपे) में एज किया जाता है, जिससे इसका स्वाद और रंग विकसित होता है. असली बॉर्बन व्हिस्की कहलाने के लिए इसे कुछ नियमों का पालन करना जरूरी है. कम से कम 51 फीसदी मक्का (कॉर्न) से बनाना जरूरी बाकी के अनाज में जौ, राई या गेहूं हो सकते हैं.

### 25 लाख डॉलर की बॉर्बन व्हिस्की का हुआ आयात

राजस्व विभाग ने एक अधिसूचना में कहा कि बॉर्बन व्हिस्की के आयात पर अब 150 प्रतिशत की जगह 50 प्रतिशत तक सीमा शुल्क लगेगा. भारत ने 2023-24 में 25 लाख डॉलर मूल्य की बॉर्बन व्हिस्की का आयात किया था. इसके प्रमुख निर्यातक देशों में अमेरिका, यूएई, सिंगापुर और इटली शामिल हैं. भारत और अमेरिका ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना से अधिक बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करने का संकल्प लिया है.

# मैक्सिविजन ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल का महाराष्ट्र में उद्यम

## > मुंबई के साथ साझेदारी की घोषणा की

**मुंबई.**

मैक्सिविजन ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल्स, भारत के आंखों की देखभाल नेटवर्क की प्रमुख श्रृंखलाओं में से एक, मुंबई में विश्व प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित नेत्र देखभाल प्रदाता ओजस ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल्स के साथ एक रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से महाराष्ट्र में अपने प्रवेश की घोषणा की |साझेदारी को औपचारिक रूप से डॉ. जीएसके वेलु, प्रमोटर और चेयरमैन, मैक्सीविजन सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल्स और डॉ. नितिन देधिया, प्रमोटर और चेयरमैन, ओजस ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल्स द्वारा ओजस ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल्स के प्रमोटर और निदेशक डॉ. रोहन देधिया, ओजस ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल्स के सीईओ सीए प्रणव देधिया और मैक्सीविजन सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल्स के ग्रुप सीईओ श्री वीएस सुधीर की उपस्थिति में लॉन्च किया गया। साथ में, नवगठित संयुक्त उद्यम ओजस मैक्स विजन आई हॉस्पिटल्स का लक्ष्य पूरे महाराष्ट्र में परिचालन का विस्तार करने के लिए 500 करोड़ रुपये का निवेश करना है।

डॉ. नितिन देधिया के दूरदर्शी नेतृत्व में, ओजस ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल वर्तमान में मुंबई-बांद्रा (पश्चिम) और कांदिवली (पूर्व) में तीन प्रमुख केंद्र संचालित करता है, जो विशेषज्ञ नेत्र सर्जन और प्रशिक्षित कर्मचारियों की एक टीम के माध्यम से मरीजों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ असाधारण नेत्र देखभाल प्रदान करता है। अस्पताल मरीजों को सर्वोत्तम दृश्य परिणाम देने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करने के लिए समर्पित है। मैक्सिविजन सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल आज भारत में अग्रणी नेत्र देखभाल सुविधाओं में से एक है|

1996 में डॉ. कासु प्रसाद रेड्डी द्वारा स्थापित और बाद में 2011 में डॉ. जीएसके वेलु द्वारा अधिग्रहण



किया गया, यह भारत की अग्रणी और तेजी से बढ़ती नेत्र देखभाल श्रृंखलाओं में से एक है। मैक्स विजन ने शीर्ष स्तरीय और किफायती नेत्र देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए अपने अटूट समर्पण को लगातार बरकरार रखा है| 1996 में अपनी स्थापना के बाद से, इसने गर्व से 6 मिलियन से अधिक नेत्र मरीजों की सेवा की है। वर्तमान में, निरंतर विकास के साथ, नेटवर्क का विस्तार 50 से अधिक केंद्रों तक हो गया है, जिसमें दक्षिण और पश्चिम भारत के छह राज्य शामिल हैं। मैक्सिविजन का अस्पतालों का नेटवर्क तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, गुजरात में है और अब महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में प्रवेश कर रहा है। कंपनी ने जैविक विस्तार और अकार्बनिक विकास को बढ़ावा देने और भारत के अग्रणी नेत्र देखभाल प्लेटफार्मों में से एक के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए पिछले साल कैपिटल से 1300 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

मैक्सिविज़न सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल्स के प्रमोटर और चेयरमैन डॉ. जीएसके वेलु ने इस विलय के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, "ओजस आई हॉस्पिटल के साथ हमारी साझेदारी महाराष्ट्र में सर्वोत्तम नेत्र देखभाल उपचार प्रदान करने की साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है |एक निवेशक और भारत में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा वितरण के प्रवर्तक के रूप में, मेरा दृढ़ विश्वास है कि अस्पताल उतने ही अच्छे होते हैं जितने डॉक्टर उनका नेतृत्व करते हैं। हमारा साझेदारी मॉडल विकास को बढ़ावा देने, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी में निवेश और मजबूत प्रबंधन विशेषज्ञता और कॉर्पोरेट प्रशासन को शामिल करके उत्कृष्ट नेत्र देखभाल प्रथाओं का समर्थन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। डॉ. नितिन देधिया और उनकी टीम के साथ यह सहयोग पूरे महाराष्ट्र में अपने पदचिह्न का विस्तार करने के मैक्सीविजन के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसमें अगले कुछ वर्षों में 500 करोड़ रुपये के निवेश की योजना है।

मैक्सिविज़न सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल्स के ग्रुप सीईओ, सुधीर वीएस ने कहा, "ओजस आई हॉस्पिटल में डॉ. नितिन, डॉ. रोहन और उनके प्रतिष्ठित चिकित्सकों की टीम के साथ जुड़कर, हमारा लक्ष्य तृतीयक और माध्यमिक देखभाल अस्पतालों के मिश्रण के माध्यम से महाराष्ट्र में उच्च गुणवत्ता वाली नेत्र देखभाल सेवाएं स्थापित करना है। ओजस की अद्वितीय विशेषज्ञता और मैक्स विजन के मजबूत प्रबंधन और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के बीच तालमेल इस क्षेत्र में दृष्टि देखभाल में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। हम मिलकर अगले 24 महीनों के भीतर मुंबई भर में पांच नए केंद्र खोलने और धीरे-धीरे महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में विस्तार करने की योजना बना रहे हैं|यह सहयोग पहुंच बढ़ाने और नेत्र देखभाल में नए मानक स्थापित करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## भारतीय कपड़ा उद्योग के लिए महत्वपूर्ण मंच

**नई दिल्ली.** भारतीय कपड़ा उद्योग हमारी अर्थव्यवस्था, परंपरा, संस्कृति और विरासत की आधारशिला रहा है। यह कृषि के बाद सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाले क्षेत्रों में से एक है। सकल घरेलू उत्पाद व निर्यात में इसका महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में, विशेष तौर पर वैश्विक बाजार में, कई कारणों से इसने अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं किया। कपड़ा मूल्य शृंखला के सबसे महत्वपूर्ण घटक भारतीय परिधान उद्योग ने अनुभव किया कि वह महत्वपूर्ण बाजारों में टैरिफ लाभ लेने वाले कुछ कम विकसित व अल्प विकसित देशों के समक्ष लागत प्रतिस्पर्धा की दौड़ में पिछड़ गया और वास्तविक क्षमता के अनुरूप प्रगति नहीं कर पाया। इस बात को ध्यान में रखते हुए वैश्विक आयात पैटर्न के साथ उत्पाद की पेशकश को फिर से जोड़ने के लिए संपूर्ण पुनर्गठन और शीघ्र क्षमता वृद्धि की आवश्यकता थी। सरकार की पीएलआई और पीएम मित्र पहल की ओर से इसका काफी हद तक समाधान निकाला गया। आत्मविश्वास से परिपूर्ण उभरता भारत अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ने और पूरी ताकत झोंकने के लिए तैयार था। इसी दृष्टिकोण ने 2024 में भारत टेक्स के विचार को जन्म दिया।


निकाल | महाराष्ट्र राज्य लॉटरी | महाराष्ट्र सह्याद्री | सोडत सायं. 4:30 वाजता

प्रभालक्ष्मी विकली लॉटरी

सोडत दर शनिवार • सोडत क्रमांक 07 • तिकिट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 15/02/2025

| | |
|---|---|
| पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- | SP-04 : 5464 |
| सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी | |
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 1445 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 2107 | 4352 किशोर लॉटरी सेंटर, सांगली | 4669 डायमंड कॉर्पोरेशन, बोरिवली |

चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1190 | 1985 | 2779 | 3676 | 4696 |
| 1212 | 1988 | 2970 | 3736 | 4702 |
| 1351 | 2024 | 2972 | 4077 | 4714 |
| 1551 | 2240 | 3033 | 4084 | 4716 |
| 1589 | 2312 | 3138 | 4105 | 4787 |
| 1601 | 2382 | 3444 | 4265 | 4890 |
| 1610 | 2602 | 3500 | 4407 | 5136 |
| 1899 | 2691 | 3548 | 4411 | 5898 |

महाराष्ट्र तेजस्विनी मासिक सोडत 21/02/2025 — 50 लाख — 10 लाख — 5 लाख

महाराष्ट्र सह्याद्री प्रभालक्ष्मी सोडत दिनांक 15/02/2025

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : /princeagency /princeagencypl /princeagencymah

महाराष्ट्रलक्ष्मी विकली लॉटरी | सोडत दर शनिवार | सोडत क्र. 07 | तिकिट किं. रु. 50/- | सोडत दिनांक 15/02/2025

| | | |
|---|---|---|
| पहिले सामायिक बक्षिस रु. 7 लाख | ML-00 : 6893 | अविका एजन्सी - दादर, मुंबई |
| उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/- | विजेता मालिका सोडून इतर सर्व मालिकांसाठी 6893 | श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1146 | 2434 | 2653 | 3550 | 4110 | 4536 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 2052 | 4372 | 4547 | 4595 | 6266 | 6787 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1940 | 2211 | 4570 | 5300 | 5483 | 5531 |
| पाचवे बक्षिस रु. 200/- | 1791 | 2252 | 3094 | 3563 | 3690 | 5303 |

रु.100/- (सर्व मालिकांसाठी) — सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1823 | 2218 | 2623 | 2992 | 3391 | 3868 | 4316 | 4804 | 5272 | 5711 | 6241 | 6610 |
| | | 1853 | 2220 | 2626 | 2999 | 3393 | 3881 | 4324 | 4809 | 5290 | 5728 | 6249 | 6620 |
| 1001 | 1319 | 1871 | 2221 | 2643 | 3019 | 3394 | 3895 | 4329 | 4848 | 5295 | 5751 | 6254 | 6628 |
| 1007 | 1343 | 1908 | 2231 | 2680 | 3033 | 3420 | 3900 | 4342 | 4868 | 5327 | 5755 | 6256 | 6631 |
| 1009 | 1378 | 1912 | 2234 | 2692 | 3035 | 3433 | 3901 | 4354 | 4871 | 5329 | 5774 | 6264 | 6642 |
| 1014 | 1397 | 1914 | 2235 | 2712 | 3036 | 3454 | 3918 | 4364 | 4884 | 5336 | 5775 | 6278 | 6646 |
| 1019 | 1403 | 1917 | 2236 | 2723 | 3040 | 3463 | 3929 | 4374 | 4959 | 5365 | 5782 | 6297 | 6648 |
| 1026 | 1411 | 1951 | 2242 | 2726 | 3044 | 3465 | 3931 | 4404 | 4970 | 5366 | 5788 | 6301 | 6649 |
| 1039 | 1414 | 1961 | 2246 | 2732 | 3045 | 3476 | 3932 | 4408 | 4974 | 5372 | 5803 | 6320 | 6653 |
| 1052 | 1458 | 1962 | 2248 | 2742 | 3053 | 3500 | 3934 | 4414 | 4976 | 5379 | 5851 | 6336 | 6655 |
| 1086 | 1464 | 1963 | 2260 | 2764 | 3085 | 3504 | 3937 | 4416 | 4981 | 5386 | 5852 | 6337 | 6661 |
| 1104 | 1468 | 1965 | 2264 | 2772 | 3093 | 3511 | 3983 | 4420 | 4994 | 5400 | 5857 | 6361 | 6665 |
| 1121 | 1491 | 1968 | 2267 | 2786 | 3100 | 3512 | 3992 | 4424 | 4998 | 5428 | 5868 | 6362 | 6674 |
| 1134 | 1500 | 1973 | 2272 | 2787 | 3106 | 3519 | 4025 | 4425 | 4999 | 5435 | 5874 | 6365 | 6676 |
| 1139 | 1517 | 1993 | 2280 | 2792 | 3144 | 3559 | 4042 | 4427 | 5004 | 5438 | 5887 | 6367 | 6682 |
| 1148 | 1531 | 1999 | 2284 | 2796 | 3149 | 3563 | 4044 | 4430 | 5045 | 5446 | 5921 | 6380 | 6694 |
| 1157 | 1540 | 2002 | 2287 | 2800 | 3153 | 3579 | 4047 | 4443 | 5046 | 5462 | 5952 | 6381 | 6699 |
| 1158 | 1571 | 2003 | 2298 | 2819 | 3158 | 3586 | 4049 | 4445 | 5055 | 5493 | 5987 | 6391 | 6706 |
| 1159 | 1591 | 2013 | 2311 | 2820 | 3168 | 3636 | 4051 | 4448 | 5059 | 5506 | 5995 | 6422 | 6737 |
| 1161 | 1597 | 2021 | 2325 | 2821 | 3232 | 3638 | 4074 | 4456 | 5073 | 5508 | 5999 | 6451 | 6746 |
| 1166 | 1600 | 2022 | 2339 | 2822 | 3261 | 3643 | 4084 | 4458 | 5075 | 5529 | 6048 | 6453 | 6764 |
| 1168 | 1601 | 2023 | 2371 | 2824 | 3262 | 3685 | 4091 | 4468 | 5085 | 5534 | 6063 | 6465 | 6767 |
| 1171 | 1661 | 2025 | 2384 | 2825 | 3273 | 3706 | 4092 | 4474 | 5090 | 5557 | 6066 | 6492 | 6776 |
| 1174 | 1667 | 2026 | 2393 | 2827 | 3277 | 3707 | 4103 | 4484 | 5113 | 5558 | 6075 | 6496 | 6796 |
| 1185 | 1712 | 2029 | 2416 | 2828 | 3281 | 3731 | 4125 | 4492 | 5139 | 5559 | 6076 | 6521 | 6832 |
| 1195 | 1736 | 2048 | 2438 | 2829 | 3288 | 3736 | 4126 | 4498 | 5140 | 5565 | 6096 | 6528 | 6851 |
| 1199 | 1747 | 2058 | 2520 | 2849 | 3298 | 3753 | 4152 | 4544 | 5145 | 5574 | 6098 | 6534 | 6864 |
| 1214 | 1758 | 2085 | 2527 | 2862 | 3300 | 3758 | 4177 | 4546 | 5148 | 5594 | 6099 | 6535 | 6887 |
| 1231 | 1759 | 2107 | 2528 | 2870 | 3318 | 3767 | 4221 | 4558 | 5157 | 5596 | 6106 | 6536 | 6895 |
| 1271 | 1765 | 2109 | 2542 | 2895 | 3323 | 3773 | 4241 | 4604 | 5180 | 5608 | 6113 | 6546 | 6922 |
| 1273 | 1771 | 2111 | 2545 | 2912 | 3324 | 3778 | 4246 | 4617 | 5216 | 5613 | 6119 | 6548 | 6946 |
| 1289 | 1775 | 2140 | 2570 | 2920 | 3343 | 3793 | 4270 | 4629 | 5217 | 5617 | 6121 | 6551 | 6961 |
| 1291 | 1797 | 2192 | 2572 | 2934 | 3349 | 3833 | 4273 | 4698 | 5235 | 5621 | 6130 | 6557 | 6965 |
| 1298 | 1801 | 2202 | 2582 | 2950 | 3364 | 3836 | 4278 | 4780 | 5239 | 5626 | 6143 | 6581 | 6971 |
| 1301 | 1812 | 2205 | 2607 | 2972 | 3384 | 3839 | 4304 | 4784 | 5242 | 5695 | 6169 | 6596 | 6986 |
| 1304 | 1815 | 2210 | 2609 | 2982 | 3387 | 3854 | 4305 | 4794 | 5250 | 5705 | 6189 | 6606 | 6991 |

पहिले सामायिक बक्षिस ₹ 1 करोड (रु. 50 लाखाची 2 बक्षिसे) | महाराष्ट्र गुढीपाडवा भव्यतम सोडत | सोडत दिनांक 29/03/2025 | प्रोत्साहनपर बक्षिसे ₹ 8 लाख (₹ 1 लाखाची 8 बक्षिसे) | दुसरे बक्षिस रु. ₹ 10 लाख (₹ 2 लाखाची 5 बक्षिसे) | ₹200/-

महाराष्ट्रलक्ष्मी सोडत दिनांक 15/02/2025 | छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जवाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. | प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah


## आब्रिट्राज फंडों ने एक साल में सात फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया

**नई दिल्ली.**

शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद आब्रिट्राज फंडों ने एक साल में फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी की तुलना में ज्यादा रिटर्न दिया है। इन फंडों ने सात फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। इसी अवधि में बड़े बैंकों के एफडी पर सात फीसदी से कम ब्याज मिला है। आंकड़ों के मुताबिक, तीन साल में एक्सिस आब्रिट्राज फंड ने 6.25 फीसदी का रिटर्न दिया जबकि टाटा की



इसी कैटेगरी ने 6.29 फीसदी का रिटर्न दिया है। आदित्य बिड़ला की स्कीम ने 6.31 फीसदी, यूनियन म्यूचुअल फंड की आब्रिट्राज स्कीम ने 6.18 फीसदी, एचएसबीसी और बड़ौदा बीएनपी पारिबास म्यूचुअल फंड की स्कीम ने 6.19 फीसदी-6.19 फीसदी रिटर्न दिया। 2025 की शुरुआत में बाजार में बिकवाली देखी गई है। मिड-स्मॉल कैप जो 2024 में बेहतर फायदा दिए थे, जनवरी में बिकवाली के दबाव में टूट गए। मूल्यांकन संबंधी चिंताएं, कंपनियों की कम कमाई व निवेशकों की सतर्कता ने बाजार पर दबाव बनाया। एक्सिस के आब्रिट्राज फंड मुख्य रूप से एक्सिस मनी मार्केट फंड में निवेश करता है। इसके पास एक से नौ माह की परिपक्वता प्रोफाइल के साथ उच्च रेटिंग वाले मनी मार्केट साधन भी हैं।

# कमाई में भी सुपरफास्ट है वंदे भारत एक्सप्रेस

## > रेलवे को कराई करोड़ों की कमाई

**नई दिल्ली.**

15 फरवरी 2019 को देश की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री मोदी ने हरी झंडी दिखाई थी, ये ट्रेन नई दिलली से प्रयागराज होते हुए वाराणसी तक चलाई गई थी. तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि वंदे भारत देश की सबसे तेज ट्रेन होगी और इससे रेलवे की झोली में करोड़ों रुपए आएंगे. आज यानी 15 फरवरी 2025 तक देशभर में 136 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चल रही हैं. आपको बता दें बीते एक साल में वंदे भारत ट्रेन की कैटेगरी में आने वाली ट्रेन से होने वाली कमाई में 56 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है.



वंदे भारत एक्सप्रेस की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 2019 में 1 ट्रेन से शुरू हुई वंदे भारत एक्सप्रेस फरवरी 2025 तक 136 हो गई. आपको बता दें फाइनेंशियल ईयर 2024-25 के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस से 2 करोड़ 14 लाख पैसेंजर ने यात्रा की है. वहीं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में बताया कि देशभर में चलने वाली ज्यादातर वंदे भारत एक्सप्रेस 100 प्रतिशत तक बुक होती हैं. वंदे भारत से हुई कमाई का कोई आधिकारिक आंकड़ा सरकार के पास मौजूद नहीं है. ये जानकारी दायर करने वाले चंद्रशेखर गौड़ को रेल मंत्रालय की ओर से दी गई है. वहीं राजस्व अनुमान के अनुसार फाइनेंशियल ईयर 2025-26 में वंदे भारत ट्रेनों और एक्जीक्यूटिव क्लास से रेलवे को कमाई में 56 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी और रेलवे को इन ट्रेनों से 987 करोड़ रुपए की कमाई होगी. वहीं चालू वित्त वर्ष 2024-25 में रेलवे को अभी तक इन ट्रेनों से 698 करोड़ रुपए की कमाई हो गई है.

# एलआईसी ने लांच किया कमाल का प्लेटफॉर्म

**नई दिल्ली.**

सरकारी स्वामित्त वाले भारतीय जीवन बीमा निगम यानी एलआईसी ने डिजिटल मार्केटिंग प्लेटफॉर्म लॉन्च कर दिया है. यह प्लेटफॉर्म एलआईसी के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए शुरू प्रोजेक्ट ड्राइव की ओर से की गई पहली पहल है. इससे आम लोगों के इंश्योरेंस संबंधी काम आसानी से होंगे और इसके साथ ही निगम की साख इंश्योरेंस सेक्टर में और बढ़ेगी. यह प्लेटफॉर्म हाइपर-पर्सनलाइज्ड ग्राहक जुड़ाव प्रदान करने और डिजिटल बीमा इनोवेशन में एलआईसी को मजबूती प्रदान करेगा.

एलआईसी की ओर से कहा गया कि यह लॉन्च बीमा सेक्टर में कंपनी के ग्लोबली अपनी पैठ को और मजबूत करने की दिशा में पहला कदम है. एलआईसी के एमडी और सीईओ सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि




मारटेक प्लेटफॉर्म के लॉन्च के साथ, एलआईसी ने डिजिटल परिवर्तन की दिशा में नई छलांग लगाई है. इस प्लेटफॉर्म के जरिए पॉलिसीधारक और आसान तरीके से एजेंट से जुड़ सकेंगे.टफॉर्म के जरिए पॉलिसीधारकों और एजेंटों के साथ बेहतर कनेक्शन स्थापित किया जाएगा.

यह प्लेटफॉर्म हाइपर-पर्सनलाइज्ड और मल्टी-चैनल मार्केटिंग की सुविधा प्रोवाइड कराएगा, जिससे जो भी पॉलिसीधारक होंगे उन्हें अपने पॉलिसी के बारे में बेहतर जानकारी मिलेगी. कंपनी की ओर से कहा गया कि प्रोजेक्ट के पहले चरण के तहत यह प्लेटफॉर्म लॉन्च किया गया है आगे चलकर नई डिजिटल क्षमताओं को जोड़ता रहेगा, जिससे वह ग्लोबल इंश्योरेंस सेक्टर में अपनी स्थिति मजबूत बना सके.

### डिजिटल इंश्योरेंस में होगा एलआईसी का बोलबाला

मारटेक सिर्फ एक तकनीकीइनोवेश नहीं है. बल्कि यह एक रणनीतिक बदलाव है जो एलआईसी को डिजिटल बीमा इनोवेशन में वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करता है.भविष्य के लिए हमारे दृष्टिकोण का एक प्रमाण है. उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में डिजिटल इंश्योरेंस के सेक्टर में एलआईसी का बोलबाला होगा.


१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लाँटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कदू : 9822472123

# रविवारीय

## सुविचार

परिस्थिति चाहे कितनी भी कठिन आए हमेशा शांत रहें यकीन मानिये हर समस्या का समाधान आप ही के पास है.

## पेरेंटिंग टिप्स

# बच्चों का गुस्सैल और एग्रेसिव बिहेवियर एक गंभीर समस्या



❑ आजकल के दौर में बच्चों का गुस्सैल और एग्रेसिव बिहेवियर एक आम समस्या बनती जा रही है। छोटी-छोटी बातों पर बच्चों का गुस्सा फूटना, दूसरों के साथ झगड़ना और हिंसक बरताव पर उतर आना, ये सब चिंता का विषय है। ऐसे में, माता-पिता के लिए यह समझना जरूरी है कि ऐसा क्यों हो रहा है और इस पर कैसे काबू पाया जा सकता है। अगर आप भी इस समस्या से जूझ रहे हैं, तो यह आर्टिकल काफी फायदेमंद साबित हो सकता है क्योंकि यहां हम ऐसे बच्चों को मैनेज करने के कुछ खास तरीके शेयर करने जा रहे हैं।

### बच्चों में गुस्से के कारण

**परिवार का माहौल:** माता-पिता के बीच लगातार झगड़े, स्ट्रेसफुल माहौल या फिर माता-पिता का बच्चे पर बहुत ज्यादा प्रेशर डालना बच्चे को स्ट्रेस का शिकार बना सकता है और गुस्से को बढ़ावा दे सकता है। सोशल मीडिया का ज्यादा इस्तेमाल: आजकल बच्चे बहुत ज्यादा समय सोशल मीडिया पर बिताते हैं। इससे उनमें अकेलापन, चिंता और तनाव बढ़ सकता है, जिसके चलते भी गुस्सा बढ़ सकता है। अनुशासन की कमी: अगर बच्चों को बचपन से ही अनुशासन नहीं सिखाया जाता है, तो वे अपनी फीलिंग्स को मैनेज करना नहीं सीख पाते हैं और गुस्से में आ जाते हैं। मनोवैज्ञानिक समस्याएं: कुछ बच्चों में गुस्सा किसी मनोवैज्ञानिक समस्या जैसे कि एडीएचडी, ऑटिज्म या फिर किसी अन्य डिसऑर्डर के कारण हो सकता है।

### गुस्सा शांत करने के तरीके

**बच्चे को समय दें:** बच्चों को समय देना बहुत जरूरी है। उनके साथ खेलें, बातचीत करें और उनकी भावनाओं को समझने की कोशिश करें। इससे बच्चे को लगेगा कि आप उनकी परवाह करते हैं और वह आपके साथ अपनी बातें साझा कर सकता है। शांत माहौल दें: बच्चों को शांत और तनावमुक्त वातावरण देने की कोशिश करें। घर में एक ऐसा माहौल बनाएं जहां बच्चा सुरक्षित महसूस करे और जहां वह अपनी भावनाओं को जाहिर कर सके। समझाने की कोशिश करें: जब बच्चा गुस्सा हो तो उसे शांत करने की कोशिश करें और उसे अपनी समस्याओं का समाधान निकालने में मदद करें। उसे बताएं कि गुस्सा करना समस्या का समाधान नहीं है। पॉजिटिव अप्रोच से काम लें: जब बच्चा अच्छा बरताव करे तो उसकी तारीफ करें और उसे इनाम भी दें। इससे बच्चे को मोटिवेशन मिलेगा और वह अच्छा बरताव करना जारी रखेगा। ध्यान और योग की मदद: ध्यान और योग बच्चों को शांत रहने और अपनी भावनाओं काबू रखना सिखा सकते हैं। प्रोफेशनल की मदद लें: अगर बच्चे का गुस्सा बहुत ज्यादा है और आप उसे कंट्रोल नहीं कर पा रहे हैं, तो किसी एक्सपर्ट से मदद ले सकते हैं।

❑ फरवरी-मार्च का महीना स्टूडेंट्स के लिए चैलेंजिंग होता है। इस दौरान अक्सर अलग-अलग बोर्ड की परीक्षाएं चलती हैं, जिसकी वजह से उनका खाना-पीना और नींद सबकुछ डिस्टर्ब हो जाता है। आज से सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन के 10वीं क्लास की परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। ऐसे में जरूरी है कि एग्जाम स्ट्रेस और खानपान की गलत आदतों को कंट्रोल किया जाए, ताकि इसका असर बच्चों की परफॉर्मेंस पर न पड़ें। हाल ही में पीएम मोदी ने एक बार परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के जरिए बच्चों से बातचीत की। इस बार यह कार्यक्रम कुछ अलग तरीके आयोजित किया गया। इस बार परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 5 एपिसोड्स में प्रसारित किया गया, जिसमें अलग-अलग गेस्ट शामिल हुए और उन्होंने बच्चों को एग्जाम स्ट्रेस मैनेज करने और इस दौरान अपने खानपान का ध्यान रखने के लिए सलाह दी। इसी क्रम में शो के चौथ एपिसोड में सेलेब्रिटी न्यूट्रिशनिस्ट ऋजुता दिवेकर, मैक्रोबायोटिक न्यूट्रिशनिस्ट शोनाली सभरवाल और सोशल मीडिया पर फूड फार्मर के तौर पर मशहूर रेवंत हिमात्सिंगका ने हिस्सा लिया और बच्चों के सवालों का जवाब दिया। आइए जानते हैं बच्चों के लिए उनके कुछ कारगर टिप्स- एक्सपर्ट ने बताया कि एग्जाम स्ट्रेस को दूर करने के लिए सबसे जरूरी घर का खाना है। इसके साथ ही मिलेट्स, ब्राउन राइस और बैलेंस्ड डाइट लेना बेहद फायदेमंद होगा। इसके अलावा कुछ ऐसे फूड्स भी डाइट में शामिल कर सकते हैं, जो डी-स्ट्रेसर का काम करते हैं। इनमें मूंगफली, केला और चावल भी स्ट्रेस कम करने में मदद करते हैं।

फ्रेश फ्रूट्स, सब्जी, नट्स, नींबू पानी, केला आदि मन को हेल्दी रखता है और एग्जाम के कारण होने वाले तनाव, गुस्से और चिड़चिड़ेपन से राहत मिलती है। इसके अलावा समय से सोना भी मेंटल हेल्थ के लिए बेहद जरूरी है। एक्सपर्ट ने बताया कि अक्सर एग्जाम स्ट्रेस की वजह से पाचन संबंधी समस्याएं होने लगती है, जिससे बच्चों लूज मोशन या कब्ज हो सकता है। ऐसे में केला और दही-चावल खा सकते हैं, जिससे काफी राहत मिलती है। साथ ही हाइड्रेट रहने के लिए ढेर सारा पानी पीते रहें। इसके साथ ही डाइजेशन बेहतर करने के लिए फिजिकली एक्टिव रहना भी बेहद जरूरी है। एग्जाम के दौरान डिहाइड्रेशन से बचने के लिए छाछ या लस्सी को डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। इसके अलावा मीठे की क्रेविंग के लिए श्रीखंड या मिष्ठी दोई खा सकते हैं। इसके साथ ही एक्सपर्ट ने बताया कि सॉफ्ट ड्रिंक्स में बहुत ज्यादा शुगर होती है, इसलिए इन्हें पीने से बचें और जिनता हो उनता पानी पिएं।

# हेल्दी डाइट

## से कर सकते हैं एग्जाम स्ट्रेस कंट्रोल



### गट हेल्थ पर ध्यान देना क्यों जरूरी है ?

इस सवाल के जवाब में एक्टपर्ट ने बताया कि गट हेल्थ को अच्छा रखने के लिए क्या खाना चाहिए और क्या नहीं खाना चाहिए, दोनों की जानकारी होना चाहिए। हेल्दी गट हेल्थ के लिए फाइबर इनटेक बढ़ाना चाहिए, ताकि गट में गुड माइक्रोब्स बढ़ सकें। इसके अलावा पैकेज्ड फूड्स और शुगर को खाने से बचना बहुत जरूरी है। न्यूट्रिशनिस्ट ने बताया कि अगर बच्चे सुबह के समय होल ग्रेन खाना शुरू करते हैं, तो इससे खाने की क्रेविंग कम होती है। इसके अलावा ब्रेकफास्ट और लंच के बीच में नट्स, सीड्स या फ्रूट्स भी खा सकते हैं। इससे बच्चे अनहेल्दी जंक फूड खाने से बचेंगे और उनका पेट भी भरा रहेगा। इस सवाल के जवाब में एक्सपर्ट ने कहा कि अन्न से ही मन बनता है। हम जो भी खाते हैं, उससे हमारी मेंटल हेल्थ प्रभावित होती है और इसलिए अच्छे खानपान के लिए घर के खाने पर जोर दिया जाता है।

# बुर्ज ख़लीफ़ा



बुर्ज ख़लीफ़ा, दुबई में आठ अरब डॉलर की लागत से छह साल में निर्मित 820 मीटर ऊँची 163 मंज़िला दुनिया की सबसे ऊँची इमारत है (जनवरी, सन् 2010 में)। इसका लोकार्पण 4 जनवरी, 2009 को भव्य उद्घाटन समारोह के साथ किया गया। इसमें तैराकी का स्थान, खरीदारी की व्यवस्था, दफ़्तर, सिनेमा घर सहित सारी सुविधाएँ मौजूद हैं। इसे 96 किलोमीटर दूर से भी साफ़-साफ़ देखा जा सकता है। इसमें लगायी गयी लिफ़्ट दुनिया की सबसे तेज़ चलने वाली लिफ़्ट है। "ऐट द टॉप" नामक एक दरवाज़े के बाहर अवलोकन डेक, 124 वीं मंजिल पर, 5 जनवरी 2010 पर खुला। यह 452 मीटर (1,483 फुट) पर, दुनिया में तीसरे सर्वोच्च अवलोकन डेक और दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा दरवाज़े के बाहर अवलोकन डेक है।

# घर में बनाएं समोसा



*बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को खूब पसंद आएगी। तो एक बार जरूर ट्राई करें। बाजार जैसा समोसा बनाने के लिए सबसे पहले एक बड़े बर्तन में मैदा लें। फिर उसमें नमक मिलाएं। इसके बाद इसमें तेल डालें और अच्छे से मिक्स करें। अब धीरे-धीरे पानी डालते हुए आटा को गूंथ लें। हालांकि, आटा इतना कड़ा होना चाहिए कि वह चिपके नहीं। इसके बाद आटे को 20-30 मिनट के लिए ढककर रख दें। अब स्टफिंग के लिए आलू उबाल कर छील लें और उसे मैश करें। फिर एक पैन में तेल गर्म करें और उसमें जीरा और अजवाइन डालें।अब इसे चटकने दें, फिर इसमें हरी मिर्च और अदरक डालें। इसके बाद इसमें मटर डालकर थोड़ा-सा भूनें।फिर इसमें मैश किए हुए आलू, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला, अमचूर पाउडर डालें। साथ ही नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब स्टफिंग को 2-3 मिनट तक पकाएं और फिर गैस बंद कर दें। फिर आटे को छोटे-छोटे बराबर भागों में बांट लें। इसके बाद हर भाग को बेलकर गोल रोटी की तरह बना लें। अब इसे आधा काटें और एक कोन का आकार दें। फिर इस कोन में भरावन डालें और ऊपर के किनारों को पानी लगाकर बंद कर दें। इसके बाद एक कड़ाही में तेल गर्म करें और समोसे डालें। फिर समोसे को धीमी आंच पर तलें। हालांकि, बीच-बीच में पलटते रहें। जब समोसे सुनहरे और कुरकुरे हो जाएं, तो उन्हें निकालकर तेल से अलग कर लें। फिर तैयार समोसे को चटनी के साथ आनंद लें।*

# हेल्दी बालों के लिए जरूरी न्यूट्रिएंट्स



घने और मजबूत बालों के लिए महंगे हेयर केयर प्रोडक्ट्स के अलावा, कुछ खास न्यूट्रिएंट्स भी बेहद मददगार हो सकते हैं। ये न्यूट्रिएंट्स बालों की सेहत को बेहतर बनाते हैं और बालों को टूटने से बचाते हैं। यहां 6 ऐसे न्यूट्रिएंट्स के बारे में बताया गया है जो आपके बालों के लिए फायदेमंद हो सकते हैं: इन न्यूट्रिएंट्स को अपनी डाइट में शामिल करके आप अपने बालों को प्राकृतिक रूप से घना और मजबूत बना सकते हैं। साथ ही, ये बालों की ग्रोथ में भी मददगार साबित हो सकते हैं।

**बायोटिन:** बायोटिन, जिसे विटामिन बी 7 भी कहा जाता है, बालों की ग्रोथ को बढ़ाने में मदद करता है। यह बालों के क्यूटिकल्स को मजबूत बनाता है और टूटने से रोकता है। बायोटिन की कमी से बालों का झड़ना बढ़ सकता है, इसलिए इसे अपनी डाइट में शामिल करना फायदेमंद होता है।

**विटामिन डी:** विटामिन डी बालों की ग्रोथ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह बालों के विकास के लिए जिम्मेदार कोशिकाओं को उत्तेजित करता है और बालों के रोम को स्वस्थ बनाए रखता है। सूर्य की रौशनी से या विटामिन डी के सप्लीमेंट्स से इसे प्राप्त किया जा सकता है।

**ऑमेगा-3 फैटी ऐसिड्स:** ऑमेगा-3 फैटी ऐसिड्स बालों की स्कैल्प को हाइड्रेट करने में मदद करते हैं, जिससे बालों में नमी बनी रहती है और वे ज्यादा मजबूत होते हैं। इन्हें आप मछली, चिया सीड्स, और अलसी जैसे खाद्य पदार्थों से प्राप्त कर सकते हैं।

**विटामिन इ:** विटामिन इ बालों के लिए एक बेहतरीन एंटीऑक्सिडेंट है जो रक्त संचार को बेहतर बनाता है और बालों की जड़ें मजबूत करता है। यह बालों की बढ़त को तेज करता है और उन्हें प्राकृतिक चमक देता है।

**आयरन:** आयरन की कमी से बालों का झड़ना बढ़ सकता है। यह खून में ऑक्सीजन की सप्लाई को बेहतर बनाता है, जिससे बालों की जड़ें स्वस्थ रहती हैं। आयरन को लाल मांस, हरी पत्तेदार सब्जियों और दालों से प्राप्त किया जा सकता है।

**जिंक:** जिंक बालों की सेहत के लिए जरूरी खनिज है। यह बालों के विकास को बढ़ावा देता है और बालों के टूटने की समस्या को कम करता है। इसके अलावा, यह स्कैल्प की सेहत को भी बनाए रखता है। जिंक को मांस, बीज, और नट्स से प्राप्त किया जा सकता है।

# स्किन का ख्याल रखेंगे फेस मास्क

❑ बदलते मौसम में त्वचा का ख्याल रखना बेहद जरूरी हो जाता है. मौसम के बदलाव से त्वचा में सूखापन, जलन और दूसरी समस्याएं हो सकती हैं. खासकर सर्दी और गर्मी के बीच का समय त्वचा के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है. इस दौरान त्वचा को हाइड्रेटेड रखना जरूरी है ताकि किसी तरह की एलर्जी न हो. अगर आप भी अपनी स्किन को नेचुरली हाइड्रेट और ग्लोइंग बनाए रखना चाहते हैं, तो नेचुरल फेस मास्क एक बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं. कुछ लोग बाहरी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं. यह कुछ समय के लिए फायदा तो पहुंचाते हैं लेकिन लंबे समय तक इनका इस्तेमाल करने से स्किन को दिक्कत हो सकती है. आइए जानते हैं कि कौन सी चीजों का इस्तेमाल करके आप घर पर ही फेस मास्क बना सकती हैं.

शहद और दही का मास्क: शहद और दही दोनों ही प्राकृतिक हाइड्रेटिंग एजेंट हैं, जो त्वचा को पोषण और नमी प्रदान करते हैं. शहद एंटीबैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है, जो त्वचा को न केवल हाइड्रेट करते हैं बल्कि उसे ताजगी भी प्रदान करते हैं. दही में मौजूद लैक्टिक एसिड त्वचा को मुलायम और ग्लोइंग बनाता है. एक चम्मच शहद और एक चम्मच दही को अच्छे से मिलाएं. इसे अपने चेहरे पर लगाकर 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर गुनगुने पानी से चेहरे को धो लें.



एलोवेरा और गुलाब जल का फेस मास्क: एलोवेरा त्वचा को ठंडक और राहत प्रदान करता है. वहीं, गुलाब जल त्वचा के पोर्स को बंद करने में मदद करता है और उसे ताजगी प्रदान करता है. यह मास्क त्वचा को गहरी नमी देता है और सूजन को भी कम करता है. ताजे एलोवेरा के पत्ते से जेल निकालें और उसमें एक चम्मच गुलाब जल मिलाएं इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट तक छोड़ दें, फिर ठंडे पानी से धो लें.

ओटमील और दूध: ओटमील में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो त्वचा को साफ करते हैं और उसे हाइड्रेट करते हैं. दूध में मौजूद लैक्टिक एसिड त्वचा के पोर्स को क्लियर करता है. यह मास्क त्वचा को न सिर्फ हाइड्रेट करता है बल्कि उसे निखारता भी है. एक चम्मच ओटमील और दो चम्मच दूध को अच्छे से मिलाएं।इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर 15 मिनट तक छोड़ दें। फिर ठंडे पानी से धो लें।

# आयरन की कमी एक गंभीर समस्या है

❑ आयरन एक ऐसा मिनरल है जो हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी है। यह हीमोग्लोबिन बनाने में मदद करता है, जो हमारे खून में ऑक्सीजन को शरीर के अलग-अलग हिस्सों तक ले जाता है। जब हमारे शरीर में आयरन की कमी होती है, तो हमें कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। जैसे एक समस्या एनीमिया है, लेकिन इसके अलावा भी कई और बीमारियां हो सकती हैं। आयरन की कमी कई कारणों से हो सकती है। सबसे पहले, यह डाइट में आयरन की अपर्याप्त मात्रा के कारण हो सकता है। खासतौर से वेजिटेरियन लोगों में आयरन की कमी ज्यादा देखी जाती है, क्योंकि प्लांट बेस्ड फूड में आयरन की मात्रा कम होती है और यह शरीर द्वारा आसानी से अवशोषित नहीं होता। दूसरा, महिलाओं में पीरियड्स के दौरान ज्यादा ब्लीडिंग होने के कारण भी आयरन की कमी हो सकती है। गर्भावस्था और स्तनपान के दौरान भी महिलाओं को ज्यादा आयरन की जरूरी होती है, और इसकी कमी से समस्याएं पैदा हो सकती हैं। थकान और कमजोरी: आयरन की कमी से शरीर में ऑक्सीजन का फ्लो कम हो जाता है, जिससे व्यक्ति को लगातार थकान और कमजोरी महसूस होती है। त्वचा का पीला पड़ना: आयरन की कमी से त्वचा और नाखूनों का रंग पीला या फीका पड़ सकता है। सांस लेने में तकलीफ: शरीर में ऑक्सीजन की कमी के कारण सांस लेने में दिक्कत हो सकती है, खासकर शारीरिक गतिविधियों के दौरान।




# शिव मधुकल्प और मधुसूदन डी-एक्स कैप



❑ आयुर्वेद एक वरदानकारी शास्त्र है। इसमें वर्णित दवाएँ अमृततुल्य है। जो कि बिना किसी दुष्परिणामों से रोगी को स्वस्थ कराती है। शिव शंकर आयुर्वेद एजन्सी द्वारा निर्मित एवं वितरित शिव मधुकल्प सिरप और "मधुसुदन डी-एक्स कैप्सूल" एक ऐसी आयुर्वेदिय औषधि है जो कि मधुमेह में बढ़ी हुयी रक्तशर्करा को काफी हद तक नॉर्मल शुगर लेवल अर्थात फास्टिंग 80, पोस्ट्मील ब्लड शुगर 110-140 तक होने में शीघ्र मदत करता है. तथा दुष्परिणामों को भी रोकता है. सुबह शाम खाने के बाद यदि साथ में दिया जाये तो एक से दो महीने के अंदर उनकी ब्लड शुगर नार्मल शुगर में बदल सकती है. जिन लोगों को इंसुलिन या एलोपैथी मेडिसिन डायबिटीज के लिए शुरू है वह लोग भी अपनी एलोपैथिक मेडिसिन आयुर्वेदिक दवाओं की मदत से इन रोगों से छुटकारा पा सकते है। और साइड इफेक्ट्स से बच सकते है। इन आयुर्वेदिक दवाओं कि अच्छे रिजल्ट्स कई वर्षों से मधुमेह के पेशंटस में देखे गए है। तथापि इच्छुक पीडित रुग्ण इस प्रभावी औषधी का यथोचित लाभ उठाने के लिए अनुभवी चिकित्सक की सलाह प्राप्त कर इस दवा को अपनाए एवं मधुमेह से छुटकारा पाए.

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स



डॉ. आकांशा रा. गुप्ता B.A.M.S, MD, (A.M) C.C.H, C.G.O, C.V.D
डॉ. पारुल मोहित गुप्ता B.A.M.S, PG-DEMS NDDY, CCNY, CCHC
डॉ. रचना मयूर गुप्ता B.A.M.S, MD,
डॉ.अतुल तेलरांदे B.A.M.S, MD, M.I.S.R (Mum), C.C.H, C.G.O, C.S.D, C.V.D
डॉ. विनोद तिवारी बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.

## शिवशंकर आयुर्वेद एजन्सी

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें 9112079000/8605245080.


नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# महाराष्ट्र सरकार ने 'लव जिहाद' पर समिति बनाई

> बीजेपी का दावा, लव जिहाद के मामले बढ़ रहे हैं

**मुंबई.**

महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने 'लव जिहाद' और जबरन धर्म परिवर्तन के मामलों के लिए कानून बनाने की संभावना तलाशने के लिए एक सात सदस्यीय समिति बनाई है। इस समिति का नेतृत्व राज्य के पुलिस महानिदेशक संजय वर्मा कर रहे हैं। इसमें महिला एवं बाल कल्याण,



अल्पसंख्यक मामले, कानून और न्यायपालिका, सामाजिक न्याय, विशेष सहायता और गृह जैसे प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। यह कदम श्रद्धा वाकर हत्याकांड के बाद उठाया गया है। इसके बाद सत्ताधारी बीजेपी गठबंधन ने 'लव जिहाद' का मुद्दा उठाया था। विपक्षी दलों ने इस कदम की आलोचना की है। इसे वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने वाला बताया है।

शुक्रवार देर रात जारी एक सरकारी प्रस्ताव के अनुसार, समिति जबरन धर्म परिवर्तन और 'लव जिहाद' से संबंधित शिकायतों से निपटने के उपाय सुझाएगी। यह अन्य राज्यों में मौजूदा कानूनों की समीक्षा करेगी और कानूनी प्रावधानों की सिफारिश करेगी। 'लव जिहाद' एक विवादास्पद शब्द है, जिसका इस्तेमाल कथित तौर पर मुस्लिम पुरुषों द्वारा हिंदू महिलाओं को धर्म परिवर्तन के लिए प्रलोभन देने के मामलों का वर्णन करने के लिए किया जाता है। श्रद्धा वाकर महाराष्ट्र की एक 27 वर्षीय महिला थी, जिसकी कथित तौर पर उसके लिव-इन पार्टनर आफताब पूनावाला ने 2022 में हत्या कर दी थी और उसके शरीर के कई टुकड़े कर दिए थे। इस मामले ने 'लव जिहाद' के मुद्दे पर राजनीतिक बहस छेड़ दी है।

### सुप्रिया सुले ने लगाया आरोप

शरद पवार नेता सुप्रिया सुले ने कहा कि शादी करना या प्यार करना एक निजी पसंद है। उन्होंने कहा कि मैं सरकार से अनुरोध करती हूं कि वह असली मुद्दों पर ध्यान दे। प्रधानमंत्री मोदी अभी अमेरिका से लौटे हैं और अमेरिका ने नए टैरिफ लगाए हैं। इसका हमारे देश पर असर पड़ेगा। सरकार को ऐसे मामलों पर ध्यान देना चाहिए और आर्थिक स्थिति पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। सुले ने सरकार पर वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया।

### अबू आजमी ने बीजेपी की आलोचना


समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी ने बीजेपी की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार केवल मुसलमानों को परेशान करने और सांप्रदायिकता फैलाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। आजमी ने कहा कि वे लिव-इन रिलेशनशिप को स्वतंत्रता देना चाहते हैं, लेकिन अगर कोई 18 साल से अधिक उम्र का व्यक्ति अंतरधार्मिक विवाह करना चाहता है या धर्म परिवर्तन करना चाहता है, तो उन्हें इससे समस्या है। लव जिहाद जैसी कोई चीज नहीं है।

## सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

**मुंबई.** ठाणे में आवासीय इलाके में अपने फ्लैट में सेक्स रैकेट चलाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी. अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति के खिलाफ कई दिनों से शिकायत मिल रही थी. जिसके बाद ये कार्रवाई की गई. पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक आवासीय परिसर में अपने फ्लैट से सेक्स रैकेट चलाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. वरिष्ठ निरीक्षक चेतना चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ठाणे पुलिस के मानव तस्करी निरोधक प्रकोष्ठ (एएचटीसी) ने 12 फरवरी को परिसर पर छापा मारा और एक महिला को बचाया. आरोपी दत्ताराम सावंत (58) वर्तक नगर इलाके में स्थित फ्लैट का इस्तेमाल रैकेट चलाने के लिए कर रहा था. अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम, 1956 (पीआईटीए) की धारा 143(1) (मानव तस्करी) के तहत मामला दर्ज किया गया है. अधिकारी ने कहा राज्य में जिस्मफरोशी के मामले को लेकर पुलिस एक्टिव और खास निगरानी रख रही है.

# मुंबई में आए मौसम के गर्म दिन

**मुंबई.**



मुंबईवासियों को इस समय सुबह धुंध और दिन में चिलचिलाती गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। यह अंतर शुक्रवार को अधिक महसूस किया गया। सुबह की सुखद हवा का आनंद ले रहे मुंबईवासी दोपहर में हुई गर्मी से आश्चर्यचकित हो गए। उपनगरों में यह अंतर अधिक स्पष्ट था। मुंबई में सांताक्रूज़ में न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मुंबईवासियों को इस 20 डिग्री तापमान के अंतर से निपटने में कठिनाई हुई।

इस बीच शुक्रवार मुंबई शहर के लिए इस मौसम का सबसे गर्म दिन रहा। सांता क्रूज वेधशाला में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 4.6 डिग्री अधिक था। गुरुवार को तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कोलाबा वेधशाला ने अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो औसत तापमान से 3.2 डिग्री अधिक था। गुरुवार को वहां का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दरअसल मौसम परिवर्तन का एहसास फरवरी में होने लगता है। हालांकि गर्मी का अहसास तेज से हो रहा है। क्योंकि बुधवार और गुरुवार के बीच 24 घंटों में अधिकतम तापमान में तीन डिग्री से अधिक की वृद्धि हुई।

मुंबई के कोलाबा में न्यूनतम तापमान 19 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि सांताक्रूज़ में न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री दर्ज किया गया। शुक्रवार को कोलाबा में अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस और सांताक्रूज़ में 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कोलाबा में तापमान औसत से 3.3 डिग्री सेल्सियस अधिक था, जबकि सांताक्रूज़ में तापमान औसत से 4.9 डिग्री सेल्सियस अधिक था। फरवरी में मुंबई का अधिकतम तापमान 39 डिग्री तक पहुंच गया है।





# भारत-पाक बॉर्डर पर मनाई जाएगी शिवाजी महाराज की जयंती

> जोर-शोर से होगा आयोजन

**पुणे.**

छत्रपति शिवजी महाराज की जयंती जल्द ही 19 फरवरी को महाराष्ट्र में धूमधाम से मनाई जाएगी। लेकिन ये सिर्फ महाराष्ट्र में सीमित न रहते हुए इस बाद राज्य के बाहर भी मनाई जाने वाली है, जिसके लिए लोगों में काफी उत्साह है। छत्रपति शिवाजी महाराज का वास्तविक इतिहास केवल महाराष्ट्र के शिवप्रेमियों को ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लोगों को पता होना चाहिए। साथ ही, छत्रपति शिवाजी महाराज के विचारों से हमारे देश के सैनिकों को भी प्रेरणा मिले, इस उद्देश्य से इस वर्ष सीमा सुरक्षा बल और भारतीय सेना के जवानों के साथ शिवजयंती को सीमावर्ती क्षेत्र में मनाया जाएगा।

मराठा टाइगर फोर्स द्वारा हर वर्ष अलग-अलग राज्यों में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती का आयोजन किया जाता है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष 22 फरवरी को राजस्थान के जैसलमेर जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित श्री तनोट राय माता मंदिर परिसर में सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ शिवजयंती के ऐतिहासिक समारोह का आयोजन किया गया है। इस बारे में मराठा टाइगर फोर्स के संस्थापक अध्यक्ष और राजस्थान शिवजयंती उत्सव समिति के उत्सव प्रमुख संदीप लहाने पाटील ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी। इस अवसर पर संतोष शिंदे (प्रवक्ता, संभाजी ब्रिगेड, राजस्थान शिवजयंती उत्सव समिति सदस्य), शरद लोंढे पाटील (सह-उत्सव प्रमुख, राजस्थान शिवजयंती उत्सव समिति), अनिल मोरे (राजस्थान शिवजयंती उत्सव समिति सदस्य), महेश टेडे पाटील, विजयराव काकडे (भारत क्रांति मिशन प्रमुख), विजय आप्पा बराटे, विशाल लहाने पाटील, रमेश पाटील, यशवंत जगताप, व्यंकटेश देशमुख सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। शिवाजी प्रथम एक भारतीय शासक और भोंसले राजवंश के सदस्य थे। छत्रपति शिवाजी महाराज ने बीजापुर सल्तनत से अपना स्वतंत्र राज्य बनाया जिसने मराठा संघ की उत्पत्ति की। अपने जीवनकाल में शिवाजी ने मुगल साम्राज्य, गोलकुंडा सल्तनत, बीजापुर सल्तनत और यूरोपीय औपनिवेशिक शक्तियों के साथ गठबंधन और शत्रुता दोनों में भाग लिया।

## मुंबई में फ्रीमैसन्स हॉल में लगी आग

> दमकल की 4 गाड़ियां बुझाने में जुटीं

**मुंबई.**

फोर्ट इलाके में फ्रीमैसन्स हॉल में आग लग गई है. घटना की जानकारी दमकल विभाग को दी गई जिसके बाद दमकल की चार गाड़ियों को मौके पर भेजा गया. दमकलकर्मी आग बुझाने के काम में जुटे हुए हैं. यह घटना शनिवार को दोपहर के वक्त हुई है. बिल्डिंग से लोगों को बाहर भागते हुए भी देखा गया है.

अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है और ना ही किसे के हताहत होने की जानकारी मिली है. घटना का वीडियो सामने आया है जिसमें बिल्डिंग से आग की लपटें निकल रही हैं. बिल्डिंग से लोग बैग लेकर बाहर निकलते भी दिख रहे हैं. काफी शोरशराबे की भी आवाजें आ रही हैं. यह आग दोपहर 2.20 बजे लगी है. स्थानीय लोगों ने इमारत की तीसरी मंजिल से आग निकलते हुए देखा और दमकल विभाग को जानकारी दी. यह बिल्डिंग स्टर्लिंग सिनेमा के सामने है. फ्रीमैसन्स हॉल मुंबई का लैंडमार्क लोकेशन है.



# गुइलेन-बैरे सिंड्रोम-संक्रमितों की संख्या हुई 207

> अब तक 9 की मौत

**मुंबई.**

गुइलेन-बैरे सिंड्रोम का प्रकोप लगातार बढ़ता ही जा रहा है. इस बीमारी से संक्रमित होने वालों की संख्या बढ़कर 207 हो गई है. दो संदिग्ध मरीज और मिले हैं. स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, कुल मरीजों में से 180 में जीबीएस की पुष्टि हुई है, जबकि बाकी मरीज में बीमारी के लक्षण हैं और उनका इलाज करने की बात स्वास्थ्य विभाग ने कही है. वहीं, इस बीमारी के चलते अब तक कुल 9 मरीजों की मौत हो चुकी है, जिसमें से 4 की मौत और अन्य की संदिग्ध मरीज के तौर पर हुई है. 13 फरवरी को 9वी मौत कोल्हापुर शहर में हुई. गुइलेन-बैरे सिंड्रोम यानी रेयर ऑटोइम्यून विकार है. इसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली ही तंत्रिकाओं पर हमला करती है.



यह तंत्रिकाओं के कुछ हिस्सों को नुकसान पहुंचाती है. यह तंत्रिकाओं के कुछ हिस्सों को नुकसान पहुंचाती है और मांसपेशियों में कमजोरी, झुनझुनी और पक्षाघात का कारण बनती है. इसके अधिकतर मामले पुणे और पिंपरी चिंचवड़ से हैं. आमतौर पर जीवाणु और वायरल संक्रमण जीबीएस का कारण बनते हैं क्योंकि वे रोगियों की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करते हैं.

इस बीमारी से शरीर के हिस्से अचानक सुन्न पड़ जाते हैं और मांसपेशियों में कमजोरी आ जाती है. इसके साथ ही इस बीमारी में हाथ पैरों में गंभीर कमजोरी जैसे लक्षण भी होते हैं. राज्य में ज्यादातर मामले पुणे और आस-पास के इलाकों से हैं. नए मामले सहित, संक्रमण के सभी मामले संभवत: दूषित जल स्रोतों से जुड़े हैं. माना जाता है कि दूषित भोजन और पानी में पाया जाने वाला बैक्टीरिया कैम्पिलोबैक्टर जेजुनी इस प्रकोप का कारण है.

## कृषि मंत्री के विवादित बयान को लेकर विवाद

**मुंबई.** महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे के एक बयान ने बवाल मचा दिया है। अमरावती में एक बैठक के बाद उन्होंने एक रुपये वाली फसल बीमा योजना पर सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'भिखारी भी एक रुपया नहीं लेते, लेकिन सरकार इसी रकम का फसल बीमा दे रही है और इसका भी दुरुपयोग हो रहा है।' नाशिक से विधायक कोकाटे के इस बयान पर किसान संगठनों और विपक्षी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। हालांकि, मंत्री जी ने सफाई देते हुए कहा कि योजना बंद करने की कोई योजना नहीं है। बस इसमें कुछ बदलाव किए जाएंगे ताकि गलत तरीके से इसका फायदा उठाने वालों पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने कहा, 'सरकार ने 4 लाख बीमा दावों को ख़ारिज कर दिया है। हो सकता है कि ये गलत जानकारी के कारण ख़ारिज हुए हों। योजना फायदेमंद है, लेकिन कुछ लोगों ने इसे घोटाले में बदल दिया है।

# फडणवीस ने परिवार संग महाकुंभ में लगाई डुबकी

> सुव्यवस्था पर मुख्यमंत्री योगी को दी बधाई

**मुंबई.**

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस परिवार समेत प्रयागराज पहुंचे और संगम में डुबकी लगाई. उनकी पत्नी अमृता फ़डणवीस और दिविजा भी उनके साथ थीं. स्नान के बाद सीएम फडणवीस ने मीडिया से बात की और कहा कि यहां की व्यवस्था बहुत सुंदर है. दुनिया के लोग भी अचंभित हैं कि



कैसे इतने लोग आए और कैसे लोगों को मैनेज किया गया.

सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, "मैं तो बहुत ही प्रसन्न हूं कि परिवार के साथ महाकुंभ में आ पाया. इस बार जिस प्रकार का योग बना है और 144 साल बाद यह योग बना है. मैं यूपी सरकार और सीएम योगी को बहुत बधाई देना चाहता हूं बहुत सुंदर व्यवस्था है. लोग प्रसन्न हैं. नया इतिहास और रिकॉर्ड बन रहा है जिस प्रकार श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई है गंगा मैया की अराधना की है नया रिकॉर्ड बना है.

**दुनिया भी कुंभ देखकर हैरान- फडणवीस**

दुनिया के लोग भी अचंभित हैं जैसा आस्था का कुभ देखने को मिला है. कितने लोग कैसे आए कैसे मैनेज किया, कैसे डुबकी लगाई. यह भव्यता, दिव्यता और कुंभ है. जो लोग कुंभ में नहीं आ पा रहे हैं वो दूसरों से कह रहा है कि गंगाजल ले आना ताकि मैं भी पूण्य कमा लूं.

# रत्नागिरी के 3 यूबीटी नेता निष्कासित

**मुंबई.** महाराष्ट्र में जब से पार्टियों के बीच नेताओं की अदला-बदली हो रही है तब से शिवसेना यूबीटी काफी संवेदनशील पार्टी बन गई है। इस बीच रत्नागिरी में शिवसेना (यूबीटी) ने शनिवार को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लिए रत्नागिरी जिले में अपने तीन पदाधिकारियों को निष्कासित कर दिया। पार्टी की ओर से जारी पत्र के अनुसार, राजेंद्र महादिक (रत्नागिरी के उप प्रभारी), विलास चालके (जिला प्रमुख) और रोहन बाने (संगमेश्वर चिपलून विधानसभा प्रभारी) को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। इससे पहले गुरुवार को शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर तीखा हमला किया और उन पर न केवल शिवसेना में फूट डालने बल्कि महाराष्ट्र के औद्योगिक विकास को भी नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। मीडिया से बात करते हुए ठाकरे ने शिंदे की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने कथित तौर पर राज्य की आर्थिक रीढ़ को कमजोर किया है और उन्हें सम्मानित करने के खिलाफ अपना रुख दोहराया।

विपक्ष के गठबंधन इंडिया ब्लॉक को मजबूत बनाने के प्रयास में ठाकरे ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और आम आदमी पार्टी के प्रमुख



अरविंद केजरीवाल से भी मुलाकात की। केजरीवाल से मुलाकात के दौरान शिवसेना (यूबीटी) के सांसद अरविंद सावंत और प्रियंका चतुर्वेदी और आप सांसद संजय सिंह ठाकरे के साथ मौजूद थे।

ठाकरे ने विपक्षी दलों से एकजुट होने और मतदाताओं के नाम हटाए जाने और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के क्षरण के बढ़ते मुद्दों को संबोधित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, "शिवसेना यूबीटी यहां उन्हें यह बताने आई थी कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन हमारा रिश्ता बना रहेगा। दिल्ली के लोग पिछले 10 सालों में उनके द्वारा किए गए कामों को जानते हैं। इस चुनाव (दिल्ली में) में चुनाव आयोग की बड़ी भूमिका थी। चाहे वह इंडिया ब्लॉक हो या सभी विपक्षी दल, हमें इस बारे में सोचना चाहिए कि हमारा अगला कदम क्या होगा क्योंकि हमारे लोकतंत्र में चुनाव अब स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं रह गए हैं।

## रणवीर इलाहाबादिया पर भड़के राम कदम

**मुंबई.** 'इंडियाज़ गॉट लेटेंट' विवाद पूरे देश भर में चर्चा का विषय बना हुआ है. इस मामले में आरोपी रणवीर इलाहाबादिया फोन स्विच ऑफ करके फिलहाल लापता है. वहीं, शो के होस्ट समय रैना देश से बाहर हैं. इस बीच प्रतिक्रियाओं का दौर भी जारी है. बीजेपी नेता राम कदम ने तो इस मामले में आक्रोश जताते हुए मुंह पर कालिख पोतने और जेल भेजने की बात कही है. रणवीर इलाहाबादिया के शर्मनाक बयान पर बीजेपी नेता राम कदम ने कहा, 'माता-पिता के प्रति इतने घिनौने विचारों का प्रदर्शन करने वाले व्यक्ति



विशेष ने मुंह पर कालिख पोतने लायक काम किया है. केवल सुर्खियों में आने के लिए आप ये सब करोगे? क्या यूट्यूब से मिलने वाले पैसे कम थे, इस वजह से उसने ये सब किया? महाराष्ट्र संतो की भूमि है और इस भूमि पर ऐसे विचारधारा को कोई स्थान नहीं है. हम कड़ी कार्रवाई करेंगे और ऐसे लोगों को जेल में डालेंगे.

बता दें कि रणवीर को समय रैना के शो इंडियाज गॉट लेटेंट पर अपनी अश्लील टिप्पणी के लिए काफी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है. शो के दौरान कथित तौर पर उन्होंने एक कंटेस्टेंट से बॉडी पार्ट्स से जुड़ा आपत्तिजनक सवाल पूछा और 2 करोड़ रुपये के बदले में अश्लील हरकत करने का प्रस्ताव रखा था. इसके बाद उन्होंने माता-पिता की निजी जीवन को लेकर बेहद अश्लील सवाल पूछा था. क्लिप के वायरल होने के बाद बवाल मच गया. लोगों ने रैना, इलाहाबादिया समेत शो के तमाम जजेस को खूब खरी खोटी सुनाई.

## सरपंच हत्या मामले में धनंजय मुंडे का बढ़ा कद

**मुंबई.** महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे को एनसीपी ने अपने नवगठित 'कोर ग्रुप' में शामिल किया है. पार्टी में उनका कद तब बढ़ाया गया है जब बीड के सरंपच की हत्या मामले में उनके एक करीबी वाल्मिकी कराड की गिरफ्तारी हुई है. कराड की गिरफ्तारी से धनंजय मुंडे को विपक्ष की आलोचना का सामना करना पड़ा है. डिप्टी सीएम अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने स्थानीय निकाय चुनावों से पहले संगठन को मजबूत बनाने.

### आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। संतान के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे,

वृषभ -आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में खुशियां रहेंगी। आप परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय बिताएंगे,

मिथुन -आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। विद्यार्थी यदि किसी प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं,

कर्क -आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर सुलझाने की आवश्यकता है।

सिंह -आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपने पारिवारिक जिम्मेदारियों को आसानी से पूरा करेंगे और आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं।

कन्या -आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम को करने से बचने के लिए रहेगा। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी,

तुला -आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। बिजनेस में आप किसी से लेनदेन थोड़ा सोच समझकर करें।

वृश्चिक -आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बढ़िया रहने वाला है। आपकी सुख-सुविधाएं बढ़ेंगी और आप मौज-मस्ती भरा जीवन जिएंगे।

धनु -आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपका मनमौजी स्वभाव के कारण लोग आपका फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

मकर-आज का दिन आपके लिए पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला रहेगा। आपके घर में सुख-शांति बनी रहेगी। आपके घर किसी मेहमान का आगमन हो सकता है।

कुंभ -आज का दिन आपके लिए अपने आसपास रह रहे शत्रुओं से निजात दिलाने वाला रहेगा। आपको किसी की कहीसुनी बातों में आने से बचना होगा

मीन -आज का दिन आपके लिए धन संबंधित समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आपको अक्समात लाभ मिलने के भी योग बनते दिख रहे हैं,

# हम सोने का चम्मच लेकर पैदा नहीं हुए हैं

> रत्नागिरी की सभा में शिंदे का हमला

**मुंबई.**

उपमुख्यमंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने शनिवार को महाराष्ट्र के रत्नागिरी में एक रैली के दौरान कहा कि जिन लोगों ने उन्हें हल्के में लिया. उनका क्या हुआ? इस दौरान उन्होंने विपक्षी पार्टी के नेताओं जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि हम सोने का चम्मच लेकर पैदा नहीं हुए हैं. हम लोगों को सुनहरे दिन दिखाने के लिए राजनीति में आए हैं. हमने ढाई साल पहले इसकी शुरुआत की थी. अब हमें वह गति दिखानी होगी. अब हम घर बैठकर सरकार नहीं चलाते, हम जनता के लिए सड़कों पर निकलते हैं. एकनाथ शिंदे ने कहा कि उन्होंने किसानों के साथ बात की. हम कोई भी विकास योजना बंद नहीं करेंगे. शिंदे ने कहा कि हमने सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद योजना बनाई है और स्पष्ट किया कि लड़की बहिन सहित अन्य योजनाएं जारी रहेंगी..

शिंदे ने कहा कि राजनीति में पद ऊपर-नीचे होते रहते हैं, लेकिन एकनाथ शिंदे को 'लड़का भाऊ' के रूप में नई पहचान मिली. यह सभी पदों से अधिक है. मैं इससे संतुष्ट हूं. मुझे गर्व है. मैं महाराष्ट्र के लिए समर्पण की भावना से तब तक काम करूंगा जब तक मेरे खून की एक-एक बूंद बह न जाए. वे बकवास



बातें कर रहे हैं. इस महाराष्ट्र ने आपको घर जैसा एहसास कराया. एकनाथ शिंदे ने विपक्ष से कहा, "आप जानते हैं कि जिन लोगों ने मुझे हल्के में लिया, उनका क्या हुआ" उन्होंने बाद में यह भी कहा. "मैंने जो वचन दिया था और मैं उसे निभाने आया हूं. मैं बालासाहेब के चरणों में विजय अर्पण करने आया हूं. बालासाहेब को कोंकण बहुत प्रिय था. आप भी शिवसेना, बालासाहब और धनुषबाण से प्रेम करते थे.

### जीत में कोंकणी समुदाय के लोगों ने निभाई अहम भूमिका

एकनाथ शिंदे ने कहा, 'शिवसेना की जीत में कोंकणी लोगों की बड़ी भूमिका है. कुछ लोगों ने कहा कि वे किसी भी विधायक को निर्वाचित नहीं होने देंगे. मैंने कहा था कि मैं किसी भी विधायक को हारने नहीं देंगे. इस चुनाव में हमारे 232 विधायक चुनकर आये. भारी बहुमत से बहुमत प्राप्त हुआ. हमने केवल 80 सीटों पर चुनाव लड़ा और 60 विधायक चुने गये.

CMYK

## टीसीओसी अवधि के दौरान गढ़चिरोली पुलिस और सीआरपीएफ के समक्ष

# 3 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

### सरकार ने कुल 38 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था...

**गढ़चिरोली.**

एक सीवाईपीसी/डीवीसीएम (कंपनी पार्टी समिति सदस्य/डिवीजनल समिति सदस्य), एक डिवसीएम (डिवीजनल समिति सदस्य) और एक एसीएम/पीपीसीएम (एरिया समिति सदस्य/प्लाटून पार्टी समिति सदस्य) वरिष्ठ कैडर माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया.

एक महिला माओवादी ने अपने पति के साथ आत्मसमर्पण कर दिया और सम्मानपूर्वक जीवन जीने का मार्ग अपना लिया.

वर्ष 2005 से सरकार द्वारा घोषित आत्मसमर्पण योजना के कारण तथा हिंसापूर्ण जीवन से थककर अब तक वरिष्ठ माओवादियों सहित कई माओवादियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। साथ ही, पुलिस बल द्वारा आत्मसमर्पित माओवादियों के पुनर्वास के परिणामस्वरूप, अब तक कुल 699 माओवादियों ने गढ़चिरौली पुलिस बल के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आज, 14 फरवरी, 2025, 01 CYPC/D.V.C.M., 01 D.V.C.M. एवं 01 एसीएम/पीपीसीएम. वरिष्ठ रैंक के कुल 03 माओवादी उग्रवादियों की पहचान इस प्रकार की गई: 1) विक्रम उर्फ मंगल सिंह उर्फ संदीप सहगु तुलावी, (सीवाईपीसी/डीवीसीएम/डिप्टी कमांडर, कंपनी नंबर 10), उम्र 40 वर्ष, निवासी गुर्रेक्सा, तहसील धानोरा, जिला. गढ़चिरोली, 2) नीलाबाई उर्फ अनुसया बंडू उइके, (डिवीसीएम, कुतुल दलम, मद विभाग), उम्र 55 वर्ष, निवासी मेडपल्ली, तहसील




भामरागढ़, जिला. गढ़चिरौली और 3) वसंती उर्फ सुरेखा उर्फ दुल्लो राजू हिडामी, (पी.पी.सी.एम./सी-सेक्शन कमांडर, कंपनी नंबर 10), उम्र 36 साल, निवासी गुर्रेकसा, तहसील धानोरा, जिला. गढ़चिरौली पुलिस और सीआरपीएफ के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।

आत्मसमर्पण करने वाले माओवादी सदस्यों के बारे में जानकारी

2004 में उन्हें टिपागड़ दलम में सदस्य के रूप में भर्ती किया गया और उन्होंने 2005 तक वहां काम किया।

2006 में उन्हें एसीएम के पद पर पदोन्नत किया गया और उन्होंने टिपागड़ दलम में काम किया। 2006 में उन्हें धानोरा दलम में कमांडर के पद पर पदोन्नत किया गया और वे 2007 तक वहां कार्यरत रहे। 2007 में उन्होंने मड के कुतुल क्षेत्र में चिकित्सा कार्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया। वर्ष 2008 में कंपनी नं. 2004 में उनका तबादला एसीएम/पीपीसीएम के पद पर हुआ और उन्होंने 2010 तक डॉक्टर के रूप में काम किया।

वर्ष 2010 में कंपनी नं. 10 में उन्हें डिप्टी कमांडर (सीवाईपीसी) के पद पर पदोन्नत किया गया और उन्होंने 2012 तक सेवा की। 2012 में उन्होंने डीके ज़ोन डॉक्टर टीम में कमांडर के रूप में कार्य किया। 2012 से 2015 तक बटालियन नं. 2002 में सी.वाई. पी.सी. के रूप में कार्य किया।

2015 से 2017 तक उन्होंने डीके ज़ोन डॉक्टर टीम में सीवाईपीसी/डीवीसीएम के रूप में काम किया। वर्ष 2017 से 2022 तक कंपनी नं. 01 में सी.वाई.पी.सी./कमांडर और सचिव के रूप में कार्य किया। 2022 से अब तक, कंपनी नं. 10 में सी.वाई. पी.सी./डिवी.सी.एम./डिप्टी कमांडर के रूप में कार्य किया। माहे को दिसंबर 1988 में भामरागड़ दलम में सदस्य के रूप में भर्ती किया गया और उन्होंने 1991 तक वहां काम किया।

1991 में उन्हें कोहलीबेड़ा दलम (उत्तर बस्तर संभाग (छ.ग.)) में स्थानांतरित कर दिया गया और 1996 तक वे इसके सदस्य रहे। 1996 में उन्हें कोहलीबेड़ा दलम में एसीएम (क्षेत्रीय समिति सदस्य) के पद पर पदोन्नत किया गया और उन्होंने 2002 तक वहां काम किया।

मई 2002 में माहे को मैड डिवीजन के कोहकामेटा दलम में स्थानांतरित कर दिया गया और उन्होंने 2003 तक एसीएम के रूप में कार्य किया। 2003 में उन्हें कमांडर के पद पर पदोन्नत किया गया और उन्होंने 2005 तक नई कोहकामेटा महिला बटालियन में सेवा की। 2005 से 2011 तक उन्होंने कुतुल-कोहकामेट्टा क्षेत्र समिति में काम किया, नए सदस्यों को माओवादी आंदोलन के बारे में शिक्षित किया और नक्सली साहित्य का अनुवाद किया।

2012 में उन्हें कोहकामेट्टा दलम में संभागीय आयुक्त के पद पर पदोन्नत किया गया और उन्होंने 2015 तक वहां काम किया।

2015 में उनका स्थानांतरण MOPOS (मोबाइल पॉलिटिकल स्कूल) में हो गया और उन्होंने 2018 तक वहां काम किया।

2018 में, वह उसेवाडा टेलर टीम में स्थानांतरित हो गए और 2025 तक वहां काम किया।

माहे को जनवरी 2025 से कुतुल क्षेत्र समिति की टेलर टीम में स्थानांतरित कर दिया गया और तब से वह डिवीजनल सीएम के रूप में काम कर रही हैं। 2008 में, वह मौजा गुरेक्सा गांव में KAMS (क्रांतिकारी आदिवासी महिला संगठन) की सदस्य के रूप में शामिल हुईं और 2009 तक वहां काम किया। मई 2009 में उन्हें टिपागड़ दलम में सदस्य के रूप में भर्ती किया गया और उन्होंने अक्टूबर 2009 तक वहां काम किया। माहे अक्टूबर 2009 कंपनी नं. 2004 में स्थानांतरित होकर 2010 तक कार्यरत रहे।माहे जुलाई 2010 कंपनी नं. उनका तबादला 10 में हो गया और वे जनवरी 2012 तक वहां कार्यरत रहे। जनवरी 2012 में डीके ज़ोन डॉक्टर टीम में स्थानांतरित कर दिया गया। मार्च 2012 में मैड डिवीजन की बटालियन नंबर 1 का गठन किया गया। 2002 में स्थानांतरित होकर 2015 तक कार्यरत रहे। 2015 में उनका तबादला डेके ज़ोन डॉक्टर टीम में हो गया और उन्होंने 2017 तक वहां काम किया।

2017 में, वह डेके ज़ोन टेलर टीम में स्थानांतरित हो गए और 2023 तक सदस्य के रूप में कार्य किया। माहे दिसंबर 2023 कंपनी नं. वह 10 में स्थानांतरित हो गए और अक्टूबर 2024 तक काम किया। माहे अक्टूबर 2024 कंपनी नं. 10 पीपीसीएम (प्लाटून पार्टी कमेटी सदस्य) के पद पर पदोन्नत और वर्तमान में सी-सेक्शन डिप्टी कमांडर के रूप में कार्यरत।

**आत्मसमर्पण के कारण**

गढ़चिरौली पुलिस की लगातार गश्त के कारण जंगल में घूमना मुश्किल हो गया। नक्सल कैम्प में दिनभर भटकने के कारण यदि किसी के स्वयं के स्वास्थ्य संबंधी समस्या उत्पन्न हो जाती है तो उस पर समुचित ध्यान नहीं दिया जाता। मुठभेड़ के दौरान पुरुष माओवादी भागने में सफल हो जाते हैं, लेकिन महिलाएं मारी जाती हैं। वे हमें अपने ही भाइयों को सिर्फ मुखबिर होने के संदेह में मार डालने के लिए कहते हैं। माओवादी शिविर में वरिष्ठ माओवादियों द्वारा महिलाओं के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जाता है।

दलम में वरिष्ठ माओवादी कैडर का कहना है कि आंदोलन/लोगों के लिए धन एकत्र किया जाना चाहिए।

# आनन-फानन में हाथीपांव उपचार अभियान समाप्त

> स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और जनता के बीच भ्रम की स्थिति
> आरोग्य भवन से प्रचार अभियान को रोकने का आदेश
> भारी गड़बड़ी की आशंका

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन चंद्रपुर ने संयुक्त रूप से घोषणा की कि हाथीपांव उन्मूलन के लिए एक सार्वभौमिक दवा अभियान 10 से 21 फरवरी, 2025 के बीच लागू किया जाएगा। अभियान का शुभारंभ 10 फरवरी को जिला परिषद कार्यालय से उच्च प्राथमिक विद्यालय अजयपुर में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कटारे द्वारा किया गया। हालाँकि, यह अभियान अचानक दो दिन के भीतर ही बंद कर दिया गया।



जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कटारे ने बताया कि मुंबई स्वास्थ्य भवन द्वारा दिए गए आदेश के अनुसार अभियान रोक दिया गया है। महज दो दिन में अचानक स्वास्थ्य अभियान बंद होने से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों समेत नागरिकों में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है कि कहीं दवाओं के साथ कोई छेड़छाड़ तो नहीं हो रही है। आम जनता सवाल कर रही है कि अभियान में इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं की गुणवत्ता ठीक है या नहीं।

जिले के 10 तालुकों के 1030 गांवों और 92 वार्डों में हाथीपांव उन्मूलन के लिए सर्वव्यापी दवा अभियान चलाया जा रहा है और 11 लाख 94 हजार 357 की आबादी को गोलियां खिलाने के लिए 1460 टीमें बनाई गई हैं। अभियान रोकने के अचानक आदेश से स्वास्थ्य विभाग का अमला भी सतर्क हो गया है, हालांकि सभी तैयारियां जोरों पर थीं।

जैसे-जैसे अभियान को प्रचार मिला, गांवों में रहने वाले नागरिक भी अभियान के अचानक बंद होने से स्तब्ध रह गए। सबसे बड़ा झटका बुखार की गोलियां लेने वालों को लगा है।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कटारे से पूछा कि अगले ही दिन अभियान क्यों बंद कर दिया गया। इस बारे में पूछे जाने पर अशोक कटारे ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्रालय ने कल मुंबई स्वास्थ्य भवन से अभियान बंद करने का आदेश दिया था। हालांकि, डॉ. अशोक कटारे ने कहा कि मुझे नहीं पता कि यह अभियान क्यों बंद किया गया।

# बिजली दो, नहीं तो ब्याज दो : सांसद धानोरकर

> मांग पूरी न होने पर महावितरण अधिकारियों का घेराव किया जाएगा

चंद्रपुर, सुनील तायडे

सांसद प्रतिभा धानोरकर चंद्रपुर-वणी-आर्णी लोकसभा क्षेत्र के नागरिकों के मुद्दों को लेकर कई मौकों पर आक्रामक नजर आई हैं। वर्तमान में, वे किसानों के कृषि पंपों को बिजली कनेक्शन प्रदान करने के मुद्दे पर आक्रामक हो गई हैं और यह रुख अपनाया है कि वे किसानों के साथ महावितरण अधिकारियों को घेर लेंगे यदि वे या तो बिजली प्रदान करते हैं या 2018 से जमा की गई सुरक्षा राशि पर ब्याज देते हैं।

सांसद प्रतिभा धानोरकर नागरिकों के मुद्दों के प्रति संवेदनशील हैं और वर्तमान में उन्होंने जिले के 1590 किसानों के कृषि पंपों को बिजली



प्रदान करने के लिए 2018 से सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया है। किसानों ने बिजली कनेक्शन के लिए सुरक्षा राशि भी जमा करा दी है। इस मुद्दे को लेकर सांसद प्रतिभा धानोरकर ने मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक अनुस्मारक पत्र लिखकर किसानों की मांग स्वीकार करने का अनुरोध किया है। महावितरण, जो देरी की स्थिति में आम नागरिकों से बिजली बिल पर ब्याज वसूलता है, 2018 से किसानों को बिजली कनेक्शन देने में असमर्थ रहा है। इस संबंध में मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में सांसद धानोरकर ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि यदि किसानों को बिजली या महावितरण को किसानों द्वारा जमा की गई सुरक्षा राशि पर ब्याज नहीं दिया गया तो वे किसानों के साथ मिलकर महावितरण के अधिकारियों का घेराव करेंगे। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि मुख्यमंत्री इस संबंध में अब क्या भूमिका निभाते हैं।

# एकलव्य इंग्लिश स्कूल में क्षमता वृद्धि निर्माण शिक्षक प्रशिक्षण

**कोरपना.**

एकलव्य इंग्लिश स्कूल और जूनियर कॉलेज, बीबी गांव में एक विशेष शिक्षक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम 'प्रशिक्षण 2.0' का आयोजन किया गया। शुक्रवार को विधान परिषद सदस्य सुधाकर अड़बाले ने प्रशिक्षण का दौरा किया और शिक्षकों से बातचीत की तथा मार्गदर्शन किया।

इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों के समक्ष आ रही कठिनाइयों के बारे में जाना तथा कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए निरंतर प्रशिक्षण आवश्यक है। कार्यक्रम में समूह शिक्षण अधिकारी सचिन कुमार मालवी, प्राचार्य नितेश शेंडे, विकास भंडारवार, राजेश बोधे,



विनोद नांदेकर, गिरीश पजारे, रूपेश विरुतकर, अखिल अटकरे, अजय बारसागड़े, गणेश लांडे, ज्योति मोरे, दिनेश साठे, कुरंटीवार, प्रो. रवि झाडे और अन्य उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियों, प्रौद्योगिकी के उपयोग और विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए एक नए दृष्टिकोण से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण 2.0 पहल ने शिक्षकों को प्रेरित किया और उनका आत्मविश्वास बढ़ाया।

# चंद्रपुर के मछुआरों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं : जोरगेवार

> बैठक में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत विकसित मछली बाजार विकास कार्यों की समीक्षा

**चंद्रपुर.**

प्रधानमंत्री मत्स्यसम्पदा योजना के अंतर्गत चंद्रपुर महानगरपालिका में अत्याधुनिक मछली बाजार स्थापित करने के लिए महानगरपालिका प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। यह बाजार न केवल व्यापार की दृष्टि से, बल्कि स्वच्छता, सुविधा और सतत विकास की दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है। इससे चंद्रपुर के मछुआरों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और इस कार्य में स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन के लिए प्रभावी उपाय लागू करने के निर्देश विधायक किशोर जोरगेवार ने दिए हैं।

प्रधानमंत्री मत्स्य पालन योजना के तहत मछली बाजार की स्थापना को लेकर नगर निगम में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विधायक किशोर जोरगेवार ने प्रस्तावित मछली बाजार के काम की समीक्षा की और आवश्यक



सुझाव दिए। इस बैठक में मनपा आयुक्त विपिन पालीवाल, सहायक आयुक्त अक्षय गडलिंग, शहर अभियंता विजय बोरिकर, शाखा अभियंता नरेंद्र पवार, भारतीय जनता पार्टी के मनोज पाल, विश्वजीत शाह, अमोल शेंडे आदि उपस्थित थे ।

इस परियोजना के तहत स्वच्छ, आधुनिक एवं सुसज्जित मछली बाजार की स्थापना पर जोर दिया गया है। बैठक में मछुआरों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा स्वच्छता के लिए आधुनिक प्रणालियां स्थापित करने की आवश्यकता पर चर्चा की गई। एक बार यह परियोजना पूरी हो जाएगी तो स्थानीय मछुआरों को बेहतर बाजार तक पहुंच प्राप्त होगी और उपभोक्ता यहां स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में खरीदारी कर सकेंगे।

मछुआरों को शीत भंडारण, जलापूर्ति और बिजली आपूर्ति जैसी उचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

हमारी भूमिका विक्रेताओं को आधुनिक प्रबंधन में प्रशिक्षित करना , उनकी आय बढ़ाना और इस व्यवसाय को अधिक से अधिक लोगों के लिए रोजगार का स्रोत बनाना है। प्रशासन को इस कार्य की गति को प्राथमिकता देनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कार्यान्वयन समय पर पूरा हो। यह परियोजना केवल एक मछली बाजार नहीं है , बल्कि एक पहल है जो स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी और चंद्रपुर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, बैठक में विधायक किशोर जोरगेवार ने बैठक में प्रशासन को सभी विभागों के साथ समन्वय करने और समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ इस काम को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारी और मछली विक्रेता उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री अपने मंत्रियों की लगाम कसें : सांसद धानोरकर

**चंद्रपुर.**

राज्य में महायुति सरकार के बहुमत से निर्वाचित होने के बाद सरकार के कुछ मंत्रियों ने बेतुके बयान देने शुरू कर दिए हैं। कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे द्वारा अमरावती में किसानों के संबंध में दिए गए आपत्तिजनक बयान को लेकर सांसद धानोरकर ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर संबंधित कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

महागठबंधन सरकार केवल इसलिए अस्तित्व में आई क्योंकि हर तत्व ने महागठबंधन सरकार की मदद की। लेकिन इस सरकार के कृषि मंत्री ने विवादित बयान देकर किसानों की तुलना भिखारियों से कर दी कि भिखारी भी फसल बीमा के लिए एक रुपया नहीं लेते, लेकिन हम किसानों को एक रुपये में बीमा देते हैं। इस बयान की जहां महाराष्ट्र में निंदा हो रही है, वहीं सांसद धानोरकर ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि उनके मंत्रियों पर लगाम लगाई जाए। सांसद धानोरकर ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा है कि कृषि मंत्री शायद यह भूल गए हैं कि किसान दुनिया के अन्नदाता हैं और उनके कारण ही हम आज जीवित हैं। सांसद धानोरकर ने ऐसे बेतुके बयान देने वाले कृषि मंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।




# आदिवासी हितग्राहियों को मिलेगा सुविधाओं का लाभ

## जिलाधिकारी ने की धरती आबा आदिवासी उन्नयन ग्राम योजना की समीक्षा

**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर और चिमूर एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना के लाभार्थियों को धरती आबा आदिवासी उन्नयन गांव योजना के तहत सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इस संबंध में जिलाधिकारी विनय गौड़ा जी.सी. ने हाल ही में जिलाधिकारी कार्यालय में एक समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना, चंद्रपुर के परियोजना अधिकारी विकास राचेलवार उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री ने 2 अक्टूबर 2024 को हजारीबाग में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्थान मिशन का शुभारंभ किया। इस अभियान में राज्य में जनजातीय समुदायों के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए 17 सरकारी मंत्रालयों और विभागों द्वारा कार्यान्वित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 25 पहल शामिल हैं। उक्त अभियान कुल 167 गांवों को कवर करेगा, जिसमें चंद्रपुर जिले में एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना के तहत 10 तालुकाओं के 115 गांव और चिमूर परियोजना के तहत 5 तालुकाओं के 55 गांव शामिल हैं।

उक्त योजना के तहत कार्यों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी विनय गौड़ा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इसमें विभिन्न सरकारी एजेंसियों से योजना के संबंध में जानकारी की समीक्षा की गई। योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए जिला स्तर पर जिला स्तरीय समन्वय समिति और तालुका स्तर पर तालुका स्तरीय समन्वय समिति की स्थापना की गई है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी गौड़ा ने कहा कि यह योजना आदिवासी समुदाय के लिए बहुत उपयोगी होगी। इस योजना के माध्यम से जनजातीय समुदाय को सुविधाएं एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे इस समाज को प्रगतिशील जीवन जीने का एक बड़ा अवसर मिलेगा। इसके लिए उन्होंने व्यवस्था को निर्देश दिए कि 17 सरकारी विभाग जिले के 167 गांवों के लिए विकास कार्यक्रम योजना तैयार करने की कार्रवाई करें।

# स्त्री रोग विशेषज्ञों में देश निर्माण की शक्ति है : सुधीर मुनगंटीवार

## मुनगंटीवार ने महाराष्ट्र प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ एसोसिएशन के 38वें वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन किया

**चंद्रपुर.**

स्त्री माँ है। वह अनगिनत कठिनाइयों और पीड़ाओं को सहन करते हुए एक जीवन को इस दुनिया में लाती है। अनगिनत कष्ट सहने के बावजूद, अपने बच्चे को देखकर एक महिला के चेहरे पर जो खुशी आती है, वह अमूल्य है। इस खुशी को पैदा करने में स्त्री रोग विशेषज्ञ की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इन स्त्री रोग विशेषज्ञों में देश निर्माण की शक्ति है, ऐसा दावा राज्य के पूर्व वन, सांस्कृतिक मामले और मत्स्य पालन मंत्री, विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने किया.

वे चंद्रपुर में मूल रोड स्थित प्रभा हॉल वन अकादमी में आयोजित महाराष्ट्र प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ एसोसिएशन के 38वें वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. किरण कुर्नाकोटरी, सचिव डॉ. बिपिन पंडित, डा. सुनीता तंदूरवाडकर, डॉ. अभय पुरंदरे, डॉ. निलेश बलकावडे, डॉ. भारती अभ्यंकर, डॉ. माधुरी मेहेंदले, डॉ. विंकी रुघवानी, डॉ. रविन्द्र परदेसी, आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. मनीषा घाटे, सचिव डॉ. कल्पना गुलवाडे, डॉ. नगीना नायडू, डॉ. रोहन पालशेतकर, डॉ. रवि अलुरवार, डॉ. अमित देवईकर और अन्य उपस्थित थे।




एक बच्चे को माँ के गर्भ में ही मूल्यों का ज्ञान हो जाता है और उसके व्यवहार का निर्माण भी उसी के अनुसार होता है। विधायक मुनगंटीवार ने यह भी कहा कि यदि इस सम्मेलन के माध्यम से स्त्री रोग विशेषज्ञों के साथ-साथ माताओं को भी सही दिशा प्रदान की जा सके तो यह देश के निर्माण में बहुत बड़ा योगदान होगा।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि तीन दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर उपयोगी चर्चा होगी और यह समाज की सेवा करने में डॉक्टरों के लिए उपयोगी होगा। चंद्रपुर बाबा आमटे की सेवा की भूमि है, जिन्होंने कैंसर रोगियों के जीवन में खुशियाँ लाईं। विधायक मुनगंटीवार ने समाज में जागरूकता फैलाने के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में मशहूर हस्तियों से बातचीत करने की भी बात कही।

एक महिला जन्मदाता है. वह अनगिनत कठिनाइयों और पीड़ाओं को सहन करते हुए एक जीवन को इस दुनिया में लाती है। अनगिनत कष्टों को सहने के बावजूद, अपने बच्चे को देखकर एक महिला के चेहरे पर जो खुशी फैलती है, वह अमूल्य है। स्त्री रोग विशेषज्ञों में यह आनंद, यह प्रसन्नता पैदा करने की क्षमता होती है। उन्होंने यह भी कहा कि सम्मेलन में स्त्री रोग एवं प्रजनन स्वास्थ्य, गर्भावस्था एवं प्रसूति प्रबंधन, गर्भाशय एवं डिम्बग्रंथि रोग, रजोनिवृत्ति एवं बुजुर्ग महिलाओं का स्वास्थ्य, कैंसर एवं स्त्री रोग, गर्भावस्था एवं परिवार नियोजन, आधुनिक तकनीक एवं अनुसंधान, मानसिक स्वास्थ्य एवं महिला स्वास्थ्य, नैदानिक अनुभव एवं केस अध्ययन जैसे विभिन्न विषयों पर मंथन किया जाना चाहिए।

बाघों की भूमि, आनंदवन की भूमि, चंद्रपुर की भूमि, जो स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी थी, अब परिवर्तन की साक्षी बन रही है। इसलिए विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने भी विश्वास व्यक्त किया कि यह परिषद निश्चित रूप से स्वास्थ्य सेवा के लिए एक नई दिशा होगी।

# अलग-अलग किरदारों में छा गई यामी

## 'धूम धाम' ने ओटीटी पर मचाया धमाल

यामी गौतम अपनी दमदार फिल्मों और शानदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। 'आर्टिकल 370' की जबरदस्त सफलता के बाद उन्होंने एक और बेहतरीन फिल्म 'धूम धाम' से वापसी की है, जिसने ओटीटी पर धमाल मचा दिया है। यामी के फैंस उनकी इस नई फिल्म को खूब पसंद कर रहे हैं और एक बार फिर उन्होंने साबित कर दिया कि वह हर किरदार में जान डालने वाली अभिनेत्री हैं। यामी गौतम हमेशा अपनी फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभाने के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने विक्की डोनर, चोर निकल के भागा, लॉस्ट, ए थर्सडे, ओएमजी 2 और बाला जैसी फिल्मों में शानदार प्रदर्शन किया है। खास बात यह है कि वह गंभीर किरदारों से लेकर कॉमेडी तक हर रोल में फिट बैठती हैं। यही वजह है कि दर्शक उनकी हर फिल्म का इंतजार करते हैं।





कॉमेडी फिल्मों में अक्सर महिला कलाकारों को कम मौके मिलते हैं, लेकिन यामी का मानना है कि यह बदलना चाहिए। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा,"मैं हमेशा श्रीदेवी जी की बड़ी फैन रही हूं। उनकी कॉमिक टाइमिंग कमाल की थी। उम्मीद करती हूं कि महिलाओं के लिए भी ऐसे किरदार लिखे जाएं।"


'धूम धाम' यामी के करियर में एक और नया चैप्टर जोड़ रही है। फिल्म में उनका किरदार दमदार और रोमांचक है, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। ओटीटी पर रिलीज होते ही फिल्म को शानदार रिस्पॉन्स मिला है, जिससे यह साफ है कि यामी की फैन फॉलोइंग लगातार बढ़ रही है।

प्रतीक गांधी और यामी गौतम की फिल्म धूम धाम एक एक्शन थ्रिलर है जिसकी कहानी में कई मोड़ आते हैं। जब एक न्यूली मेरिड कपल की शादी की रात एक नाइटमेयर में बदल जाती है। उस रात उस कपल का कुछ हमलावर पीछा करते हैं तो उन्हें कई सीक्रेट्स रिवील करने पड़ते हैं। ऋषभ सेठ द्वारा निर्देशित यह फिल्म रोमांस, कॉमेडी और धमाकेदार एक्शन का फुल पैकेज है।

# फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' हुई पोस्टपोन

साल 2025 की शुरुआत में अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स ने धमाल मचाया था और अब वो जल्द दोबारा से सिनेमाघरों में आने वाले हैं. अक्षय कुमार के इस फिल्म का इंतजार काफी वक्त से किया जा रहा था, जिसके बारे में अब फिल्ममेकर्स ने बात की है. उन्होंने बताया है कि जिस फिल्म का टाइटल शंकर दिया जा रहा था अब उसे 'केसरी चैप्टर 2 – द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ जलियांवाला बाग' कर दिया गया है. इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ अनन्या पांडे और आर माधवन भी को-स्टार के तौर पर हैं.

अक्षय कुमार की ऐतिहासिक ड्रामा होने वाली है, जिसका इंतजार लंबे वक्त से किया जा रहा है. रिपोर्ट के मुताबिक, ये फिल्म 18 अप्रैल, को रिलीज होगी. फिल्म की बात की जाए, तो इसे करण सिंह त्यागी डायरेक्ट कर रहे हैं. 'केसरी चैप्टर 2 – द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ जलियांवाला बाग' धर्मा प्रोडक्शंस, लियो मीडिया कलेक्टिव और केप ऑफ गुड फिल्म्स के द्वारा बनाई जा रही है. ये फिल्म साल 1991 में जलियांवाला बाग हत्याकांड से जुड़ी कहानियों पर बेस्ड है.



मेकर्स के मुताबिक, ये फिल्म ऑडियंस को इमोशनल एक्सपीरियंस देगी. ये फिल्म रघु पलात और पुष्पा पलात की किताब 'द केस दैट शूक द एम्पायर' पर बनाई गई है. जिसमें दिवंगत वकील सर चित्तूर शंकरन नायर की कहानी होगी. फिल्म का टाइटल 'केसरी चैप्टर 2' है, लेकिन इस फिल्म का कनेक्शन केसरी फिल्म से नहीं है. फिल्म का प्रोडक्शन करण जौहर का प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शन के तहत हो रहा है. पहले ये फिल्म 14 मार्च को रिलीज होने वाली थी, जिसे अब पोस्टपोन कर दिया गया था.

हालांकि, अक्षय कुमार की बाकी अपकमिंग फिल्मों की बात करें, तो इस साल वो कई सारी फिल्मों में नजर आने वाले हैं. इस साल उनकी फिल्मों के सीक्वल रिलीज होंगी. 'जॉली एलएलबी 3', 'हाउसफुल 5', 'वेलकम टू द जंगल' और 'हेरा फेरी 3' में दिखेंगे. हालांकि, हेरा फेरी 3 इस साल रिलीज होने की उम्मीद कम है, लेकिन कहा जा रहा है कि इसकी शूटिंग कुछ वक्त में शुरू की जाएगी.

# पूजा बेदी की फैन फॉलोइंग और पर्सनल लाइफ



पूजा बेदी 90 के दशक की एक्ट्रेस हैं, जो उस वक्त बोल्ड सीन और फोटोज के लिए लोगों के बीच अपनी खास पहचान बनाई थी. उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 'विषकन्या' से की थी, जो कि साल 1991 में रिलीज हुआ था. फिल्म के रिलीज होने के बाद से ही पूजा लोगों के बीच बहुत चर्चा में आ गई थीं. इसकी वजह ये है कि उन्होंने फिल्म में काफी बोल्ड सीन दिए थे. हालांकि, उन्होंने काफी कम फिल्मों में काम किया, लेकिन उनकी फैन फॉलोइंग बहुत ज्यादा थी. इन्हीं में से उनका एक ऐसा भी फैन था, जो उनको दीवानों की तरह पसंद करता था.इस दौरान कपिल ने एक्ट्रेस से उनके क्रेजी फैन के बारे में सवाल किया. इस पर उन्होंने बताया कि एक शख्स था, जिसने अपना नाम अनाइस-अनैस रख लिया था, क्योंकि उस वक्त पर ये पूजा की फेवरेट परफ्यूम थी. उन्होंने ये भी बताया कि पता नहीं कहां से उसे मेरे लैंडलाइन का नंबर मिल गया था, वो दिनभर में मुझे हजारों बार फोन करता था, इतना ही नहीं वो उन्हें खून से लिखी चिट्ठियां देता था.एक्ट्रेस ने उस फैन से जुड़ा एक किस्सा शेयर करते हुए बताया कि एक बार लुटेरा की मेरी बिकिनी की नीलामी हो रही थी, जिसे उसने खरीद लिया था.

# करणवीर ने चुम को दिया खास सरप्राइज

बिग बॉस के हर सीजन में कोई न कोई लव बर्ड जरूर होता है, जिसमें से इस 18वें सीजन में करणवीर मेहरा और चुम दरांग दिखे. हालांकि, दोनों ने शो के दौरान इस बात को कभी खुलकर नहीं माना था. लेकिन उनकी केमेस्ट्री लोगों को काफी पसंद आई थी. लेकिन इस वैलेंटाइन डे पर करणवीर ने चुम से अपने प्यार का इजहार कर दिया है. हाल ही में चुम ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिनमें एक वीडियो भी है. इस वीडियो में करणवीर चुम को आई लव यू बोलते दिखे.



इस वैलेंटाइन डे के मौके पर चुम और करणवीर एक साथ कुछ रोमांटिक पल बिताते नजर आए. चुम ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें वो करणवीर से वहां मौजूद गुलाब के फूलों के बारे में कुछ कहने को बोलती हैं. इस पर करणवीर ने कहा, रोजेस आर रेड, वायलेट्स आर ब्लू, आई डोन्ट केयर एनी बडी, आई लव चुम ये सुनने के बाद चुम थम्स अप करती हैं. इसके अलावा उन्होंने और भी कई सारी फोटो शेयर की, जिसमें से एक में दोनों की फोटोज एक साथ टेबल पर गुलाब के फूलों के बीच में रखी हुई है जिस पर चुमवीर लिखा हुआ है.

जब बिग बॉस खत्म हुआ था, तो उस वक्त दोनों ने अपने रिश्ते को दोस्ती का नाम दिया था. चुम ने कहा था कि हमारी ये दोस्ती जारी रहेगी, हम लोगों ने सिर्फ घर के अंदर के लिए दोस्ती नहीं बनाई है, दोस्ती घर के बाहर भी जारी रहेगी. हालांकि, उस दौरान चुम से करणवीर के साथ रिश्ते में भी होने के बारे में पूछा गया था तो उन्होंने हंसते हुए कहा था कि मुझे इस बारे में नहीं पता है. लेकिन, अब जब दोनों का रिश्ता सामने आ गया है, तो उनके फैन्स काफी खुश नजर आ रहे हैं. चुम और करणवीर के फैन्स ने उनके इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा कि दोनों सारी खुशियां डिजर्व करते हैं, नजर न लगे. वहीं दूसरे यूजर ने तो कमेंट में दोनों की शादी का इंतजार करने की बात भी कर दी, उसने लिखा कि लव बर्ड, जल्दी से शादी करो. करणवीर की बात की जाए, तो बिग बॉस 18 की ट्रॉफी जीतने के बाद से वो काफी चर्चा में बने हुए हैं. हालांकि, अब चुम दरांग भी उनको चर्चा में कायम रखने की वजह बन गई है.

# रीमेक कल्चर पर फूटा स्त्री 2 के राइटर का गुस्सा

बॉलीवुड में लंबे अरसे से रीमेक फिल्में बनाई जा रही हैं। फिर वो किसी भी भारतीय भाषा में क्यों न हिट हुई हो, हिंदी में उन्हें फिर से बनाकर मुनाफा कमाना चाहते हैं फिल्ममेकर, लेकिन इस कल्चर पर अब स्त्री-2 के लेखक निरेन भट्ट का गुस्सा फूटा है। चलिए जानते हैं क्यों वो हिंदी फिल्ममेकर्स से खफा हैं और उन्होंने क्या कहा है।

फेमस मशहूर स्क्रिप्ट राइटर निरेन भट्ट, जिन्होंने स्त्री 2, मुंज्या और भेड़िया जैसी फिल्मों की स्क्रिप्ट लिखी है, हाल ही में इंडियन स्क्रीनराइटर्स कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए। उन्होंने बॉलीवुड में बढ़ते रीमेक ट्रेंड को लेकर नाराजगी जाहिर की और कहा कि "पूरा सिस्टम टूटा हुआ है"। आईएसई के 7वें एडिशन में निरेन भट्ट ने कहा- "लेखकों के लिए ये सबसे बुरा दौर है, लेकिन ये सबसे अच्छा समय भी हो सकता है। पुराने नियम खत्म हो चुके हैं, अब सिर्फ वही टिक पाएंगे जो नए विचार लाएंगे। लेखकों को सबसे बड़ा बदलाव लाने की जरूरत है।"स्त्री-2 के राइटर निरेन भट्ट ने बॉलीवुड में रीमेक संस्कृति को असफल बताया। उन्होंने कहा- "पैंडेमिक के बाद 25 रीमेक आईं, जिनमें से 23 फ्लॉप रहीं। अब केवल ओरिजिनल कंटेंट ही सफलता दिला सकता है।"मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स के साथ काम करते हुए, निरेन भट्ट अब थामा (आयुष्मान खुराना,





# बिगेस्ट ओपनिंग फिल्म बनी 'छावा'

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'छावा' 14 फरवरी को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई थी. शंभाजी महाराज की जिंदगी से प्रेरित इस मूवी में विक्की कौशल की जबरदस्त एक्टिंग फैंस के होश उड़ा रही है तो वहीं मूवी में अक्षय खन्ना ने 'औरंगजेब' का रोल निभाया है और इस रोल में वह काफी जंचे हैं. लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी 'छावा' का बजट 190 करोड़ रुपये है. फिल्म को एडवांस बुकिंग भी काफी जबरदस्त थी, ऐसे में सबकी निगाहें मूवी के पहले दिन के आंकड़ों पर टिकी थीं. बॉलीवुडलाइफ की इस रिपोर्ट में जानें ओपनिंग डे पर छावा ने कितना कलेक्शन किया है.बता दें कि लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी फिल्म 'छावा' में विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना के अलावा अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा भी लीड रोल में नजर आ रहे हैं. इस मूवी में सभी एक्टर्स ने बेहतरीन काम किया है. बता दें कि सैकनिल्क डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार एडवांस बुकिंग में ही 'छावा' ने 5 लाख से अधिक टिकट बेच दिए थे. थिएटरों में ओपनिंग डे पर फिल्म की ऑक्यूपेंसी 35.17 प्रतिशत रही. अपनी एक रिपोर्ट में सैकनिल्क डॉट कॉम ने बताया है कि छावा ने पहले दिन 31 करोड़ रुपये की धांसू कमाई की है. हालांकि फिलहाल यह कमाई के शुरुआती आंकडे हैं, फिल्म का असली कलेक्शन आना तो अभी बाकी है.बता दें कि छावा फिल्म की कहानी शिवाजी सावंत की नोवेल 'छावा' से ली गई है. यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे शंभाजी महाराज की जिंदगी पर बनी है. इस फिल्म की स्क्रिप्ट राइटिंग लक्ष्मण उतेकर, ऋषि विरमानी और कोसतुभ सावरकर ने की है तो वहीं फिल्म में जहां विक्की कौशल ने छत्रपति शंभाजी महाराज का रोल प्ले किया है तो एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने महारानी येसुबाई का रोल निभाया है. इस फिल्म में औरंगजेब के रोल में एक्टर अक्षय खन्ना नजर आए थे

# साहिल खान ने रचाई दूसरी शादी

बॉलीवुड एक्टर साहिल खान ने अपनी शादी की खबर से फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। 'स्टाइल' और 'एक्सकुज मि ' जैसी फिल्मों से मशहूर साहिल खान ने 9 फरवरी 2025 को अपनी गर्लफ्रेंड मिलेना एलेक्जेंड्रा से शादी कर ली थी, लेकिन उन्होंने वैलेंटाइन डे के खास मौके पर इसका ऐलान किया। इस खबर के बाद से सोशल मीडिया पर बधाइयों की बौछार हो गई है।

साहिल खान ने अपनी शादी को दुबई के बुर्ज खलीफा में बेहद भव्य अंदाज में सेलिब्रेट किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर शादी की शानदार तस्वीरें और वीडियो शेयर किए, जिन्हें देखकर फैंस दंग रह गए। खासकर उनका वेडिंग केक, जिसे व्हाइट रोजेज और खूबसूरत फ्लावर्स से सजाया गया था। यह लोगों को खूब पसंद आ रहा है। एक्टर ने अपनी शादी की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, "मेरी जिंदगी का सबसे महत्वपूर्ण केक... "। उनकी इस शाही शादी को देखकर फैंस लगातार उन्हें बधाइयां दे रहे हैं।



आपको बता दें, 48 साल के साहिल खान ने मिलेना एलेक्जेंड्रा से दूसरी शादी की है। मिलेना उनसे करीब 26 साल छोटी है। वह बेलारूस (यूरोप) से हैं। साहिल ने खुलासा किया कि मिलेना एक छात्रा थीं और उनकी पढ़ाई उनके रिश्ते के दौरान पूरी हुई थी।वहीं, इससे पहले एक्टर ने साल 2004 में एक्ट्रेस निगार खान से निकाह किया था लेकिन 2005 में दोनों का तलाक हो गया था। साहिल के वर्कफ्रंट की बात करे तो उन्होंने बॉलीवुड फिल्मों में काम किया है, जिसमें स्टाइल, डबल क्रॉस, अलादीन, रामा- द सेवियर एक्सक्यूज मी शामिल हैं।

# जूलरी फंक्शन में छाईं महाकुंभ की मोनालिसा

उत्तर प्रदेश की संगम नगरी प्रयागराज में लगे महाकुंभ ने ना जाने कितने लोगों को वायरल किया है. उन्हीं में से एक खूबसूरत आंखों वाली माला बेचने वाली लड़की मोनालिसा भी है. रातों-रात स्टार बनी ये लड़की पिछले कुछ समय से लगातार सुर्खियों में बनी हुई है. वायरल गर्ल के नाम से जानी जाने वाली मोनालिसा का एक के बाद एक वीडियो और फोटोज वायरल हो रही हैं. इसी कड़ी में अब वायरल गर्ल का एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.इंटरनेट पर वायरल हो रहा मोनालिसा का लेटेस्ट वीडियो केरल के एक जूलरी फंक्शन हैं, जिसमें हिस्सा लेने के लिए वायरल गर्ल वहां पहुंची थी. इस फंक्शन से मोनालिसा के कई वीडियोज सामने आए हैं, जिसमें से एक स्टेज से जुड़ा है. इस वीडियो में मोनालिसा लाल लहंगा



और गले में सफेद मोतियों की माला पहने दिखाई दे रही हैं. इस वीडियो के बैकग्राउंड में तमिल गाने चल रहा है, जिसपर वायरल गर्ल जमकर ठुमके लगाती नजर आ रही हैं. वहीं इस बीच मोनालिसा फैंस को कुछ ऐसा कहती हैं, जिससे वह कुछ से झूम पड़ते हैं.दरअसल, मोनालिसा जूलरी फंक्शन में 14 फरवरी वैलेंटाइन डे के मौके पर पहुंची थीं. ऐसे में वायरल गर्ल ने अपने फैंस को वैलेंटाइन डे विश किया, जिसे सुनकर फैंस खूशी से झूम उठे.

वहीं अब मोना का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. लोग इन वीडियोज को खूब पसंद कर रहे हैं और कमेंट बॉक्स में अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं. आपको बता दें कि मोनालिसा जल्द ही फिल्म में नजर आने वाली हैं. हाल ही में डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने अपनी फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' के लिए साइन किया है. जिसके लिए वायरल गर्ल एक्टिंग की क्लास भी ले रही हैं. साथ ही इन सब के बीच मोनालिसा अपने फैंस के करीब भी बनी हुईं है और आए दिन उनकी कोई न कोई वीडियो और फोटोज वायरल हो रही हैं

# दुबई के लिए रवाना हुई टीम इंडिया



**नई दिल्ली.**

भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने घर पर इंग्लैंड को टी-20 सीरीज में पटखनी देने के बाद वनडे सीरीज में भी उसका सूपड़ा साफ कर दिया था. अब टीम इंडिया अपने अगले मिशन 'चैंपियंस ट्रॉफी 2025' के लिए निकल चुकी है. अहमदाबाद में आखिरी वनडे खेलने के बाद टीम इंडिया मुंबई पहुंची थी. इसके बाद सभी खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ को मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया. एक साथ टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दुबई की उड़ान भरी.

इसमें भारतीय खिलाड़ियों के साथ ही हेड कोच गौतम गभीर और बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्केल भी नजर आ रहे हैं. एयरपोर्ट पर विराट कोहली, मोहम्मद शमी, शुभमन गिल, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, वॉशिंगटन सुंदर, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह और असिस्टेंट कोच रेयान टेन डेशकाटे देखने को मिले. टीम इंडिया के नए बैटिंग कोच सितांशु कोटक भी एयरपोर्ट पर टीम के साथ नजर आए, जबकि रोहित शर्मा को एक अन्य वीडियो में फील्डिंग कोच टी दिलीप के साथ देखा गया. टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी इस दौरान टीम के साथ मौजूद थे. भारतीय क्रिकेट टीम का पहला जत्था आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेने के लिए दुबई रवाना हो चुका है.

टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप स्टेज में तीन मैच खेलेगी. टीम इंडिया को ग्रुप-ए में बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है. भारत का पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश, 23 फरवरी को पाकिस्तान और तीसरा मैच 2 मार्च से न्यूजीलैंड के खिलाफ होगा.

**टीम इंडिया के लिए नए दिशा-निर्देश**

सामने आए वीडियो में बीसीसीआई के नियम का असर देखने को मिला है. बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाद बीसीसीआई ने रिव्यू मीटिंग करते हुए कई तरह के नियम टीम इंडिया के लिए बनाए थे. एक नियम ये भी था कि टीम के सभी खिलाड़ी मैचों के लिए एक साथ ट्रैवल करेंगे. बीसीसीआई की सख्ती का पालन सभी खिलाड़ी करते हुए नजर आए हैं.

# पाकिस्तान को घर में हराकर जीता ट्राई सीरीज का खिताब



चैंपियंस ट्रॉफी के एक ग्रुप में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड को रखा गया है। चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भी दोनों टीमों के बीच मुकाबला खेली जाएगी। खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम पाकिस्तान पर हमेशा से भारी पड़ी है।

# कोहली ने आखिर क्यों ठुकराया आरसीबी की कप्तानी

**नई दिल्ली.**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले को फाफ डू प्लेसिस को रीलीज कर दिया था। इसके बाद आरसीबी की कप्तानी की रेस में विराट कोहली का नाम सबसे आगे चल रहा था। रिपोर्टों में पहले कहा गया था कि फाफ डू प्लेसिस के जाने के बाद नेतृत्व को लेकर हुई टीम प्रबंधन की बैठक में कोहली भी शामिल थे, जिसके बाद से कोहली को कप्तान बनाए जाने के



कयास लगाए गए। अब रजत पाटीदार को आईपीएल 2025 से पहले टीम का नया कप्तान बनाया गया, जिससे पूर्व कप्तान की भूमिका में वापसी की अटकलों पर विराम लग गया है। इसी बीच भारत के पूर्व चीफ सेलेक्टर के श्रीकांत ने कहा कि विराट कोहली ने अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आरसीबी की कप्तानी से इनकार किया है।श्रीकांत ने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो जारी करते हुए दावा किया कि विराट कोहली ने कप्तानी से इनकार इसलिए किया, क्योंकि वह अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि रजत पाटीदार को कप्तान बनाने का फैसला आरसीबी की ओर से कोहली के साथ विचार-विमर्श के बाद लिया गया होगा।श्रीकांत ने कहा कि मुझे लगता है कि विराट ने कप्तानी से मना कर दिया होगा। उन्होंने कहा होगा कि मैं बल्लेबाजी पर ध्यान देना चाहता हूं। मुझे लगता है कि यह सब विराट कोहली के परामर्श से हुआ होगा। इसके साथ ही श्रीकांत ने पाटीदार की तुलना एमएस धोनी से करते हुए कहा कि उनसे बहुत ज्यादा उम्मीदें नहीं होंगी। उन्होंने अपनी बात रखने के लिए 2007 का एक उदाहरण दिया.

# महिला हॉकी खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**देहरादून.**

प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, जलागम, ग्रामीण निर्माण और जिले के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने राष्ट्रीय खेलों के अन्तर्गत पुरूष

हॉकी खेल के फाइनल मैच एवं मेडल सेरेमनी कार्यक्रम में अति विशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उत्तराखण्ड राज्य में आयोजित 38 वें राष्ट्रीय खेलों के अन्तर्गत जनपद के वंदना कटारिया स्पोर्ट्स स्टेडियम, रोशनाबाद में महिला एवं पुरूष वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता के फाईनल मैच एवं मैडल सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न राज्यों से प्रतिभाग कर रही महिला एवं पुरूष टीमों को पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए महिला टीम की विजयी खिलाड़ियों को सामूहिक रूप से ट्रॉफी देने के साथ-साथ हाकी में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली महिला खिलाडियों को गोल्ड, सिल्वर, ब्रॉन्ज़ मेडल देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, जिला क्रीड़ा अधिकारी शबाली गुरुंग सहित अनेक विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## रणवीर इलाहाबादिया को डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के रेसलर ने दी धमकी

**नई दिल्ली.**

मशहूर यूट्यूबर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रणवीर इलाहाबादिया लगातार मुश्किलों में घिरते जा रहे हैं. समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में माता-पिता को लेकर की गई उनकी आपत्तिजनक टिप्पणी पर विवाद लगातार गहराता जा रहा है. रणवीर के खिलाफ एक के बाद एक एफआईआर हो रही है. वहीं अब रणवीर को डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के एक रेसलर ने धमकी दी है. डब्ल्यूडब्ल्यूएफ रेसलर सौरव गुर्जर ने खुले तौर पर कहा है कि अगर उनका सामना रणवीर से हो गया तो उन्हें सिक्योरिटी भी नहीं बचा पाएगी. और ना दुनिया की कोई ताकत.

सांगा के नाम से मशहूर सौरव गुर्जर ने अपने एकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है. इसमें वो कह रहे हैं, 'ये (रणवीर इलहाबादिया) माफी के लायक नहीं है. अगर आज हमने इस पर एक्शन नहीं लिया तो कल इसके बाद दूसरे, तीसरे, चौथे लोग इसी तरह से गंदे कमेंट्स करते रहेंगे. अगर हमें अपने अगली पीढ़ी, सिस्टम और धर्म को बचाना है तो ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए. जिससे कि कोई आगे ऐसा करने के बारे में ना सोचे'.

# आरसीबी से हारने के बाद गुजरात की नजरें वापसी पर

**नई दिल्ली.**

महिला प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत हो चुकी है। पहले मुकालबे में 200 से ज्यादा रन बनाने के बाद भी गुजरात जायंट्स को हार का सामना करना पड़ा। एशले गार्डनर की टीम गुजरात जायंट्स को अगर अपने दूसरे मुकाबले में वापसी करनी है तो फील्डिंग और कैचिंग के साथ गेंदबाजी में भी सुधार करना होगा।

भारत की विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष को अगर पहली गेंद पर ही जीवनदान नहीं मिला होता तो इस मैच का परिणाम अलग हो सकता था। घोष ने इसका पूरा फायदा उठाकर 26 गेंद पर 64 रन की तूफानी पारी खेल कर मैच का पासा पलट दिया। गुजरात जायंट्स की तनुजा कंवर ने भी एलिसे पेरी का कैच टपका दिया था जब वह दो रन पर बल्लेबाजी कर रही थीं। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने भी इसका पूरा फायदा उठाया और 34 गेंदों में 57 रन बनाकर बेंगलुरु की जीत में अहम भूमिका निभाई। दीप्ति सभी प्रारूपों में भारतीय टीम का अहम हिस्सा हैं लेकिन इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने कभी भारत की कप्तानी नहीं की है। यूपी वॉरियर्स का इस सीजन में सबसे मजबूत पक्ष उसका स्पिन आक्रमण माना जा रहा है। उसके पास अनुभवी स्पिनर दीप्ति के अलावा इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन जैसी धुरंधर स्पिनर भी है। इसके अलावा पिछले साल पांच टीमों की लीग में चौथे स्थान पर रहने वाली टीम ने ऑस्ट्रेलिया की अलाना किंग को भी अपनी टीम में शामिल किया है। वारियर्स के पास राजेश्वरी गायकवाड़ और गौहर सुल्ताना के रूप में अच्छी स्पिनर है। चमारी अटापट्टू और ग्रेस हैरिस उसके स्पिन आक्रमण में अन्य विकल्प हैं।

गुजरात जायंट्स के लिए उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन राहत की बात रही। उसकी तरफ से पूर्व कप्तान बेथ मूनी (56) और एशले गार्डनर (नाबाद 79) ने अर्धशतक लगाए। दूसरी तरफ यूपी वारियर्स एक नई कप्तान भारत की दीप्ति शर्मा के नेतृत्व में मैदान पर उतरेगी क्योंकि उनकी नियमित कप्तान एलिसा हीली ने लगातार चोटों के कारण प्रतियोगिता से बाहर होने का विकल्प चुना है।

# गुजरात के खिलाफ अभियान का आगाज करेंगी यूपी वारियर्स

**नई दिल्ली.**

कप्तान दीप्ति शर्मा की अगुवाई वाली यूपी वारियर्स वुमेन्स प्रीमियर लीग के सीजन 3 के अपने पहले मैच का आगाज रविवार को गुजरात जायंट्स के खिलाफ करेगी। गुजरात जायंट्स से भिड़ंत से दो दिन बाद सीजन के दूसरे मैच में यूपी वारियर्स 19 फरवरी को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलेंगे। दोनों मैच वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में होने हैं।

पहली बार यूपी वारियर्स की कप्तानी करने वाली दीप्ति शर्मा इस चुनौती के लिए उत्साहित हैं।



उन्होंने कहा, " मैं इस अवसर को लेकर वास्तव में उत्साहित हूं। जब मुझे कप्तानी मिलने के बारे में पता चला, तो यह एक शानदार एहसास था। मुझे लगता है कि इस साल यूपी वॉरियर्स के लिए अच्छी चीजें होंगी।"

महिला टी20 में भारत की सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली खिलाड़ी दीप्ति ने कहा, "मैंने अपनी राज्य टीम की कप्तानी की है। इससे मुझे पहले से ही इस जिम्मेदारी का अनुभव मिल गया है। यह सीनियर खिलाड़ी के तौर पर टीम का हिस्सा होने से थोड़ा अलग है। यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन मुझे चुनौतियों का सामना करना पसंद है, चाहे वह किसी भी स्तर की क्यों न हो। इसलिए, मैं इस सीजन को लेकर उत्साहित हूं।"


डब्ल्यूपीएल सीजन 2 में एमवीपी पुरस्कार जीतने वाली दीप्ति ने कहा, "लखनऊ के एकाना स्टेडियम में खेलना यूपी वॉरियर्स के लिए बहुत ही रोमांचक बात होगी। हमें खुशी है कि हमें अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने खेलने का मौका मिलेगा। उत्तर प्रदेश के क्रिकेट प्रशंसकों ने पहले दो सीजन में हमेशा अपने घरों से हमारा सपोर्ट किया है, लेकिन इस बार हम लखनऊ के स्टेडियम में खेलते हुए उनके सपोर्ट का अनुभव करने के लिए उत्सुक हैं। हम एक टीम के रूप में वहां अपने तीन आगामी मैचों का बेसब्री से इंतजार कर रहे है।"

# टीम इंडिया के 3 खिलाड़ी आखिरी बार खेलेंगे आईसीसी टूर्नामेंट?

**नई दिल्ली.**

रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा ने साल 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टी-20 इंटरनेशल से संन्यास ले लिया था. अब तीनों ही दिग्गज आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खेलते हुए नजर आएंगे. 19 फरवरी से इस टूर्नामेंट की शुरुआत हो रही है. इसी बीच ये मुद्दा एक बार फिर से चर्चा में है कि क्या तीनों अपना आखिरी आईसीसी टूर्नामेंट खेलने जा रहे हैं. भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने इस मुद्दे पर बात की है और उनका मानना है कि तीनों खिलाड़ी आखिरी बार अपने आईसीसी टूर्नामेंट के लिए मैदान में उतरेंगे.

आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैमल पर रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा को लेकर बात की. आकाश के मुताबिक चैंपियंस ट्रॉफी 2025 तीनों का आखिरी आईसीसी टूर्नामेंट होगा. तीनों ही भारतीय स्क्वाड का हिस्सा हैं और रोहित शर्मा टीम को लीड करेंगे. चैंपियंस



ट्रॉफी की शुरुआत से चार दिन पहले आकाश ने बड़ा बयान देकर फैंस के बीच हलचल मचा दी है.

आकाश ने बताया,'रोहित, विराट और जडेजा टी-20 से संन्यास ले चुके हैं. जून 2025 में डब्ल्यूटीसी फाइनल होना है उसमें हम पहुंचे नहीं हैं. अगले साल टी-20 वर्ल्ड 2026 होगा उसमें भी तीनों देखने को नहीं मिलेंगे. इसके बाद वनडे वर्ल्ड कप 2027 में होगा. तब तक तो दुनिया बहुत अलग नजर आएगी. मुझे तो ऐसा लग रहा है

और प्लेयर्स को भी लग रहा है कि हो सकता ही ये हमारा आखिरी हो. इसकी मजबूत संभावनाएं हैं. मुझे तो लगता है कि लास्ट आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैमल पर रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा को लेकर बात की. आकाश के मुताबिक चैंपियंस ट्रॉफी 2025 तीनों का आखिरी आईसीसी टूर्नामेंट होगा. तीनों ही भारतीय स्क्वाड का हिस्सा हैं और रोहित शर्मा टीम को लीड करेंगे. चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत से चार दिन पहले आकाश ने बड़ा बयान देकर फैंस के बीच हलचल मचा दी है.

आकाश ने बताया, 'रोहित, विराट और जडेजा टी-20 से संन्यास ले चुके हैं. जून 2025 में डब्यूटीसी फाइनल होना है उसमें हम पहुंचे नहीं हैं. अगले साल टी-20 वर्ल्ड 2026 होगा उसमें भी तीनों देखने को नहीं मिलेंगे. इसके बाद वनडे वर्ल्ड कप 2027 में होगा. तब तक तो दुनिया बहुत अलग नजर आएगी. मुझे तो ऐसा लग रहा है और प्लेयर्स को भी लग रहा है कि हो सकता ही ये हमारा आखिरी हो. इसकी मजबूत संभावनाएं हैं. मुझे तो लगता है कि लास्ट आईसीसी इवेंट हो रोहित का, कोहली का और जडेजा का भी'.

# खिलाड़ी को मिला 30 हजार का उल्टा चेक

**लाहौर.**

पाकिस्तान में खेली गई ट्राई सीरीज न्यूजीलैंड की टीम के नाम रही. इस सीरीज में पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका की टीमों ने भी हिस्सा लिया था. सीरीज का तीसरा मैच पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच ही खेला गया था. इस मैच में पाकिस्तान ने अफ्रीका की टीम को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी. लेकिन मुकाबले के बाद मैच प्रेजेंटेशन में एक ऐसी घटना घटी जिसने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया. इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है और फैंस अपनी हंसी नहीं रोक पा रहे हैं. दोनों टीमों के बीच खेले गए इस मैच में पाकिस्तान की टीम ने 6 विकेट से बाजी मारी थी. लेकिन मैच प्रेजेंटेशन में साउथ अफ्रीकी क्रिकेटर वियान मुल्डर भी एक अवॉर्ड जीतने में कामयाब रहे. दरअसल, वियान मुल्डर को सऊद शकील एक शानदार कैच पकड़ने के लिए कैच ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया. इस दौरान वह मंच पर गए और पाकिस्तान के एक ऑफिशल ने उन्हें चेक दिया. लेकिन पोडियम पर इस अधिकारी ने एक बड़ी गलती कर दी, जिसके चलते



सोशल मीडिया पर इस अधिकारी का काफी जमाक बनाया जा रहा है. दरअसल, इस पाकिस्तानी अधिकारी ने सबसे पहले वियान मुल्डर से हाथ मिलाया और फिर चेक के साथ दोनों ने कैमरों के लिए पोज दिया. लेकिन इस अधिकारी ने चेक को उलटा पकड़ लिया. जैसे ही वियान मुल्डर ने देखा की चेक उलटा है तो उन्हें इसे सही करने की कोशिश की. लेकिन इस अधिकारी ने एक बार भी चेक को उलटा कर दिया. इसके बाद वियान मुल्डर ने एक बार फिर चेक को सीधा किया और फोटो के लिए पोज दिया. इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है. बता दें, इस अधिकारी की ओर से वियान मुल्डर 1 लाख पीकेआर यानी लगभग 31,000 भारतीय रुपए का चेक दिया गया. बता दें, इंटरनेशनल मैच के हिसाब से ये काफी कम राशि है, जिसके चलते पाकिस्तान की सोशल मीडिया पर भारी बेइज्जती की जा रही है. भारत में इंटरनेशनल मैच के दौरान हर अवॉर्ड के लिए कम से कम 1 लाख रुपए जरूर दिए जाते हैं.

# केरल में नहीं थम रहीं रैगिंग की घटनाएं

## > नर्सिंग स्टूडेंट के बाद 11वीं के छात्र का हाथ तोड़ा

तिरंतरपुरम.

केरल के कोट्टायम जिले से कुछ दिनों पहले रैगिंग का एक मामला सामने आया था, जिसमें पांच छात्रों ने अपने जूनियर छात्रों के साथ रैगिंग की थी और उन्हें प्रताड़ित किया था. अब कन्नूर से एक मामला सामने आया है, जिसमें सीनियर छात्रों ने अपने कॉलेज के जूनियर छात्र का हाथ तोड़ दिया.

केरल के कन्नूर जिले में पांच सीनियर छात्रों ने 11वीं क्लास में पढ़ रहे जूनियर छात्र का हाथ तोड़ दिया. कारण बस ये था कि उसने उनको सही तरह से इज्जत नहीं दी थी. मामले में पुलिस ने बताया कि पीआर मेमोरियल स्कूल के 11वीं कक्षा के छात्र मोहम्मद निहाल की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें कहा गया है कि पांच छात्रों ने उसपर हमला किया, उसकी पिटाई की जिसमें उसका हाथ टूट गया. निहाल का हाथ इसलिए तोड़ा गया क्योंकि उसने अपने पांचों सीनियर की सही तरीके से इज्जत नहीं की थी.11वीं कक्षा के स्टूडेंट ने पुलिस के पास रैगिंग का शिकार होने का आरोप लगाया. इसके बाद पुलिस ने मामला भी दर्ज किया. पुलिस की ओर से पांच छात्रों के खिलाफ भारत न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है. पुलिस के मुताबिक, पांच छात्र गैरकानूनी घातक हथियार हाथ में लेकर हंगामा मचाते थे, किसी भी राह चलते व्यक्ति को रोक लेते थे, लोगों को चोट पहुंचाते थे और अपना एक ग्रुप बना के चलते थे.



### नर्सिंग कॉलेज में भी सामने आया था रैगिंग का केस

कोट्टायम के नर्सिंग कॉलेज में भी रैगिंग का एक मामला सामने आया था, जिसमें थर्ड ईयर के पांच छात्रों ने रैगिंग के नाम पर फर्स्ट ईयर के छात्रों को बुरी तरह टॉर्चर किया. पुलिस ने ये भी बताया कि शिकायत में कहा गया है कि यह रैगिंग नवंबर 2024 में शुरू हुई थी. इन पांचों छात्रों की ओर से की जा रही रैगिंग का एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें एक छात्र को प्रताड़ित किया जा रहा है. उसे कंपास को पैरों में चुभाया जा रहा था. पलंग से पैर को बांध दिया गया, यहां तक कि पैरों में से खून भी निकलता दिखाई दे रहा है. वीडियो इतना परेशान करने वाला है कि उसे दिखाया भी नहीं जा सकता.

# अर्धसैनिक बलों के कार्मिकों में क्यों पैदा हो रहा 'तनाव'

इंफाल.

मणिपुर में इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल में स्थित सीआरपीएफ के शिविर में को हवलदार संजय कुमार ने अपने साथियों पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी थी। इस घटना में एक उप-निरीक्षक और एक सिपाही की मौत हो गई। बाद में हवलदार संजय ने खुद को भी गोली मार ली थी।

कुछ देर बाद उसने भी दम तोड़ दिया। फायरिंग की घटना में आठ अन्य जवान घायल हुए हैं। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में तीन दशक से अधिक समय तक सेवा देने वाले रिटायर्ड अफसरों का कहना है कि ऐसी कई बातें हैं जो कार्मिकों को तनाव की तरफ ले जाती हैं। हालांकि इस तरह के तनाव को कम किया जा सकता है। बीएसएफ के पूर्व आईजी बीएन शर्मा कहते हैं, इन बलों में हर स्तर के अधिकारियों को मानव प्रबंधन के प्रत्येक पक्ष को ध्यान में रखते हुए काम करना होगा। ऐसा माहौल रहे, जहां पर कोई भी जवान बिना किसी भय एवं हिचक से अपनी समस्या रख सके। बीएसएफ के पूर्व एडीजी एसके सूद बताते हैं कि कई दफा सीनियर की डांट फटकार भी जवान को आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठाने के लिए मजबूर कर देती है। सीआरपीएफ के पूर्व एडीजी डीसी डे कहते हैं, ये फोर्स है, यहां पर सभी तरह की पोस्टिंग मिलती है। अफसर और जवान के बीच अनुशासन की भावना के साथ एक अपनापन और सामंजस्य बना रहे तो टेंशन खत्म हो सकती है।

# घायल सीआरपीएफ जवानों की देखभाल से हटे सीओ

## > अब आठ ग्राउंड कमांडर तैनात

नई दिल्ली.

मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल में स्थित सीआरपीएफ के शिविर में हवलदार संजय कुमार ने अपने साथियों पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी थी। इस घटना में एक उप-निरीक्षक और एक सिपाही की मौत हो गई। बाद में हवलदार संजय ने खुद को भी गोली मार ली थी। उसने भी मौके पर ही दम तोड़ दिया था। फायरिंग की घटना में आठ अन्य जवान घायल हुए हैं। सभी घायलों का इलाज क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस) इंफाल में चल रहा है।

बल की तरफ से शुक्रवार को एक ऐसा आदेश निकाला गया, जो चर्चा का केंद्र बन गया। घायलों की देखभाल के लिए आठ कमांडेंट की ड्यूटी लगा दी गई। सीआरपीएफ में पहले भी बड़ी घटनाएं हुई हैं, लेकिन इस तरह से प्रत्येक घायल जवान की देखभाल के लिए कमांडेंट को तैनात करना, ऐसा आदेश देखने को नहीं मिला था। बल के अफसरों का कहना था कि ऐसे मामले में ज्यादा जरुरत तो डॉक्टरों की रहती है। शनिवार को उक्त आदेश वापस ले लिया गया। अब कमांडेंट की जगह पर सीआरपीएफ के आठ सहायक कमांडेंट और एसओ को घायलों का ध्यान रखने की जिम्मेदारी दी गई है। ये अधिकारी भी उन्हें बटालियनों से आएंगे, जहां से कमांडेंट को तीन-तीन घंटे की शिफ्ट में आरआईएमएस इम्फाल में तैनात किया गया था।

विभिन्न बटालियनों से आठ कमांडेंट क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस) इंफाल में पहुंचकर तीन-तीन घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी देंगे। कमांडेंट एवं दूसरे रैंकों के अफसरों के लिए यह आदेश हैरान करने वाला था। वजह, इस तरह का आदेश बल में पहली बार निकला था। इतना ही नहीं, आरआईएमएस में हर घायल जवान को एक एसआई के कंट्रोल में दो-दो अटेंडर प्रदान किए जाने का भी आदेश जारी किया गया। बल के अटेंडर भी किसी एक बटालियन से नहीं आएंगे, बल्कि अलग-अलग बटालियनों से ये आरआईएमएस पहुंचेंगे।



# नौसेना की जांबाज महिला अफसरों ने रचा इतिहास

## > नाविक सागर परिक्रमा के तहत पार किया केप होर्न

नई दिल्ली.




नाविक सागर अभियान -2 के तहत दुनिया का चक्कर काटने निकलीं भारतीय नौसेना की दो जांबाज महिला अफसरों लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए ने इतिहास रच दिया है। दरअसल दोनों महिला अफसरों ने अपनी नौका आईएनएसवी तारिणी से केप होर्न को पार किया। भारतीय नौसेना ने यह जानकारी दी।

नौसेना की अफसरों ने ड्रेक पैसेज से गुजरते हुए केप होर्न को पार किया। केप होर्न, दक्षिण अमेरिकी देशों के लिए जाने वाले खुला समुद्री रास्ता है। केप होर्न का इलाका अपनी खतरनाक और तेज हवाओं, तेज लहरों और खराब मौसम की वजह से सबसे खतरनाक समुद्री रास्ता माना जाता है। जो नाविक केप होर्न इलाके के समुद्री इलाके को पार करते हैं, उन्हें सम्मानपूर्वक केप होर्नर्स कहा जाता है। अब इस विशेष समूह में भारतीय नौसेना की ये दो महिला अफसर भी शामिल हो गई हैं। केप होर्न, अंटार्कटिका से 800 किलोमीटर दूर स्थित है और यह बर्फ से ढके अंटार्कटिका से सबसे करीब जमीनी इलाका है। केप होर्न से गुजरने के लिए न सिर्फ समुद्री यात्रा का अनुभव और बेहतरीन तकनीक समझ होनी चाहिए, साथ ही खराब मौसम से जूझने की ताकत भी होनी चाहिए। दशकों तक दुनियाभर में व्यापार केप होर्न के जरिए होता था, लेकिन यहां के चुनौती पूर्ण हालात और साल 1914 में पनामा नहर के खुलने के बाद यहां से होने वाला व्यापार बेहद कम हो गया है।

# सिद्धारमैया ने जल जीवन मिशन पर भाजपा की आलोचना की

## > कर्नाटक के साथ धोखाधड़ी का लगाया आरोप

बेंगलुरु.

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को जल जीवन मिशन (जेजेएम) को लेकर भाजपा की आलोचना की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने जल जीवन मिशन (जेजेएम) के लिए राज्य को घोषित धनराशि जारी नहीं करके कर्नाटक के साथ धोखा किया है। साथ ही मुख्यमंत्री ने केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन्ना पर निशाना साधते हुए कहा कि वे झूठ बोल रहे हैं। सोमन्ना ने लोकसभा में कहा था कि कर्नाटक को जल जीवन मिशन के तहत 28,623 करोड़ रुपये का आवंटन हुआ, लेकिन राज्य ने केवल 11,760 करोड़ रुपये खर्च किए। इस पर सिद्धारमैया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जवाब देते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री कर्नाटक को नुकसान पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार की कोशिशों को छिपा रहे हैं। मामले में मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि कर्नाटक के लिए जल जीवन मिशन के तहत कुल 49,262 करोड़ रुपये का आवंटन था, जिसमें केंद्र का हिस्सा 26,119 करोड़ रुपये और राज्य का हिस्सा 23,142 करोड़ रुपये था।



उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र ने कर्नाटक को केवल 11,760 करोड़ रुपये जारी किए, जो उसकी प्रतिबद्धता का केवल 45 प्रतिशत है, जबकि राज्य ने 29,413 करोड़ रुपये खर्च किए।

**सीएम ने पेयजल को लेकर अपनी प्रतिबद्धता पर दिया जोर :** साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 3,804 करोड़ रुपये आवंटित किए थे, लेकिन केवल 570 करोड़ रुपये जारी किए गए, जबकि कर्नाटक ने अपने बजट से 4,977 करोड़ रुपये जारी किए। सिद्धारमैया ने कहा कि केंद्र का ध्यान जल जीवन मिशन को खत्म करने पर है, जबकि राज्य सरकार हर घर में सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# नेवी को मिलेगा नया लड़ाकू ड्रोन 'अभिमन्यु'



नई दिल्ली.

भारतीय नौसेना और न्यू स्पेस ने एक खास लड़ाकू ड्रोन एन-सीसीएवी (नेवल कोलैबोरेटिव कॉम्बैट एयर व्हीकल) बनाने की योजना शुरू कर दी है. यह ड्रोन नौसेना के लड़ाकू विमानों के साथ मिलकर काम करेगा और मिग-29के और भविष्य के राफेल-एम जैसे विमानों के साथ मानव-मानवरहित टीमिंग में उड़ान भरेगा. इस वफादार विंगमैन का नाम 'अभिमन्यु' है. एन-सीसीएवी एक वफादार विंगमैन यानी 'अभिमन्यु' ड्रोन है, जो फाइटर पायलटों का सहयोगी बनेगा.

यह दुश्मन पर नजर रखने, खतरों को पहचानने, हमला करने और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर जैसे मिशन को अंजाम देने में मदद करेगा. इस ड्रोन को भारतीय स्टार्टअप न्यूस्पेस रिसर्च एंड टेक्नोलॉजीज विकसित करेगा.'अभिमन्यु' नाम के एक जेट-संचालित ड्रोन डिजाइन पर आधारित होगा. यह लंबी दूरी तक उड़ान भरने, तेज गति से हमले करने और दुश्मन को चकमा देने में सक्षम होगा.




# दक्षिणी साइबेरिया में 6.4 तीव्रता का भूकंप

## > कोई के हताहत नहीं

नई दिल्ली.

दक्षिणी साइबेरिया में रूस के अल्ताई गणराज्य में शनिवार सुबह 6.4 तीव्रता का भूकंप आया। रूसी भूकंप विज्ञानियों के मुताबिक, भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 8:48 बजे आया। पड़ोसी क्षेत्रों में भी झटके महसूस किए गए। क्षेत्रीय प्रमुख आंद्रेई तुर्चक ने बताया कि कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन हाई-अलर्ट व्यवस्था शुरू की गई है। इलाके के सभी सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं।

भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है। कंपन की आवृत्ति ज्यों-ज्यों दूर होती जाती हैं, इसका प्रभाव कम होता जाता है। फिर भी यदि रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है। लेकिन यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि भूकंपीय आवृत्ति ऊपर की तरफ है या दायरे में। यदि कंपन की आवृत्ति ऊपर को है तो कम क्षेत्र प्रभावित होगा।

भूकंप की जांच रिक्टर स्केल से होती है। इसे रिक्टर मैग्नीट्यूड टेस्ट स्केल कहा जाता है। रिक्टर स्केल पर भूकंप को 1 से 9 तक के आधार पर मापा जाता है। भूकंप को इसके केंद्र यानी एपीसेंटर से मापा जाता है। भूकंप के दौरान धरती के भीतर से जो ऊर्जा निकलती है, उसकी तीव्रता को इससे मापा जाता है। इसी तीव्रता से भूकंप के झटके की भयावहता का अंदाजा होता है।

# वित्त मंत्री ने हमारे सुधार-पथ की स्पष्ट तस्वीर पेश की

नई दिल्ली.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश दौरे से वापस लौट आए हैं. स्वदेश लौटने के बाद पीएम मोदी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की तारीफ की है. उन्होंने कहा है कि संसद में अपनी टिप्पणी के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने भारतीय अर्थव्यवस्था और हमारे द्वारा किए जा रहे सुधार पथ की बहुत स्पष्ट तस्वीर पेश की है. पीएम मोदी ने अपने ट्वीट के साथ उस वीडियो का लिंक भी शेयर किया है जिसमें वित्त मंत्री संसद में इनकम टैक्स बिल 2025 को पेश करते हुए अपनी बात रखते हुए नजर आ रही हैं.

सरकार की ओर से पेश नया आयकर बिल मौजूदा आयकर अधिनियम 1961 की जगह लेगा. संसद में पेश बिल 622 पन्नों का है जिसमें 536 सेक्शन और 16 अनुसूचियां शामिल हैं. इसके अलावा यह बहुत ही सरल भाषा में होगा. आमतौर पर आयकर अधिनियम में जिस भाषा का इस्तेमाल किया गया है उसको लेकर कई जगहों पर डाउट पैदा करने जैसी स्थिति बन जाती है.

ऐसे में सरकार की कोशिश है कि नए बिल के जरिए भाषा को सरल बनाया जाए ताकि आसानी से लोग इसका इस्तेमाल कर सके. इस बिल के कानून बनने से इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करना और भी आसान हो जाएगा.

दूसरी ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आयकर विधेयक, 2025 पर विचार करने के लिए शुक्रवार को 31 सदस्यीय प्रवर समिति का गठन कर दिया है. बीजेपी नेता और सांसद बैजयंत पांडा को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है. समिति में बीजेपी के 14, कांग्रेस के 6, सपा के दो, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक), तेलगु देशम पार्टी (तेदेपा), जनता दल-यूनाइटेड (जदयू), शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा एसपी) के एक-एक सदस्यों को शामिल किया गया है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में आयकर विधेयक, 2025 पेश किया था और बिरला से इसे प्रवर समिति के विचार के लिए भेजने का आग्रह किया था. बिल का उद्देश्य भारत की कर प्रणाली को सरल और आधुनिक बनाना है. यह कानूनी भाषा को भी सरल बनाएगा.

# 'मैं लोकतंत्र को लेकर बेहद आशावान' : जयशंकर

नई दिल्ली.

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस की एक बैठक में शामिल हुए। बैठक में विदेश मंत्री ने भारत और दुनिया में लोकतंत्र की अहमियत पर बात की और कहा कि लोकतंत्र ने दुनिया को बहुत कुछ दिया है। म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में लोकतंत्र विषय पर आयोजित एक बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, नॉर्वे की प्रधानमंत्री और अमेरिकी सीनेटर एलिसा स्लॉटकिन और वारसा के मेयर रफाल ट्रासकोव्सक बतौर पैनलिस्ट शामिल हुए।बैठक में कुछ पैनलिस्ट ने कहा कि दुनिया में लोकतंत्र का भविष्य खतरे में है। हालांकि भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस दावे को खारिज कर दिया और कहा कि 'मैं लोकतंत्र को लेकर आशावान हूं। मैं अभी अपने राज्य के चुनाव में हिस्सा लेकर आया हूं। बीते साल हमारे देश में राष्ट्रीय चुनाव हुए और कुल मतदाताओं में से करीब दो तिहाई ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।' इस दौरान डॉ. जयशंकर ने मतदान के दौरान अपनी ऊंगली पर लगी स्याही दिखाई। डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि 'चुनाव के नतीजों को लेकर कोई मतभेद नहीं है और मतदान शुरू होने के बाद से अब 20 फीसदी अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं।




# ईरान के उपराष्ट्रपति ने छात्र-हत्या जांच के दिये आदेश

ईरान.

उपराष्ट्रपति ने शनिवार को तेहरान विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन के बाद एक विश्वविद्यालय के छात्र की हत्या की जांच के आदेश दिए हैं। मामले में आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ ने सुरक्षा अधिकारियों को मामले की तुरंत जांच करने का आदेश दिया।

यह फैसला तेहरान विश्वविद्यालय के छात्रावास में अधिक सुरक्षा उपायों की मांग को लेकर गुस्साए छात्रों के विरोध प्रदर्शन के एक दिन बाद उठाया गया। सोशल मीडिया पर वीडियो के अनुसार, विरोध प्रदर्शन कुछ समय के लिए हिंसक हो गया और पुलिस ने छात्रावास के गेट पर सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया है। हालांकि, इस वीडियो फुटेज की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान 'शर्म करो' के नारे लगाते हुए छात्रावास और उसके आस-पास अधिक सुरक्षा उपायों की मांग की, और कभी-कभार होने वाली डकैती की शिकायत भी की।



# केंद्रीय ऋण की शर्तों पर केरल के मंत्री ने उठाए सवाल

## > कहा- 'यह क्रूर मजाक है

नई दिल्ली.

केरल के राजस्व मंत्री के राजन ने शनिवार को केंद्र द्वारा वायनाड पुनर्वास के लिए स्वीकृत 529.50 करोड़ रुपये के ऋण की शर्तों को डरावना और क्रूर मजाक बताया। उन्होंने कहा कि वायनाड के पुनर्वास के लिए केंद्र द्वारा जारी राशि से यह स्पष्ट होता है कि वायनाड और केरल में भूस्खलन पीड़ितों के प्रति केंद्र सरकार का रवैया नहीं बदला है। राजन ने कहा कि केंद्र ने केरल को बिना शर्त वित्तीय सहायता देने के बजाय, ऋण के साथ कठोर शर्तें लगाई हैं, जिसमें 31 मार्च तक पूरी राशि का उपयोग करना अनिवार्य है। केरल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने वामपंथी सरकार और विपक्षी यूडीएफ पर पलटवार करते हुए कहा कि केंद्र द्वारा दिया गया 50 साल का ब्याज मुक्त ऋण असल में एक अनुदान है। उन्होंने कहा कि केरल सरकार और यूडीएफ को इस रकम को 50 साल बाद चुकाने की चिंता नहीं करनी चाहिए, क्योंकि पांच साल बाद इसकी जिम्मेदारी राष्ट्रीय पार्टी, यानी बीजेपी पर आ जाएगी।



### वायनाड के लोगों का आरोप

साथ ही मामले में वायनाड के कुछ आपदा प्रभावित लोगों ने अपनी निराशा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वे निराश हैं और आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकार उन्हें एक पाले से दूसरे पाले में गेंद की तरह फेंक रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री ने यहां आकर हरसंभव मदद का वादा किया था, तो हमें उम्मीदें थीं, लेकिन अब हमें केवल ऋण दिया गया है।

### राज्य सरकार ने बताया व्यावहारिक समस्या

मामले में राज्य के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने भी 31 मार्च तक पूरी राशि का उपयोग करने की शर्त को व्यावहारिक समस्या बताया। इसके अनुसार, केंद्र से जारी की गई राशि को 10 कार्य दिवसों के भीतर कार्यान्वयन एजेंसियों को भेजना जरूरी है। अगर इसमें देरी हुई, तो राज्य को ब्याज का भुगतान करना होगा।

# कानूनी पेशेवरों को बदनाम करना मकसद

## > वायरल फर्जी नोटिस पर बार काउंसिल ऑफ इंडिया की प्रतिक्रिया

नई दिल्ली.

बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने शनिवार को कहा कि उसके नाम से एक फर्जी नोटिस प्रसारित किया जा रहा है। इस नोटिस का शीर्षक 'आधिकारिक अधिसूचना: भारत में वकीलों के लिए अनिवार्य न्यूनतम शुल्क ढांचा' रखा गया है। 15 फरवरी 2025 की तारीख पर यह फर्जी दस्तावेज जारी किया गया है। इसमें दावा किया गया है कि एक मार्च 2025 से वकीलों के लिए एक अनिवार्य न्यूनतम शुल्क ढांचा लागू किया जाएगा।

बीसीआई ने इस संबंध में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। इसमें कहा गया है कि इस नोटिस का मकसद जनता और कानूनी पेशेवरों को गुमराह करना है। यह अपने आप को बीसीआई के रूप में पेश करता है। यह धोखाधड़ी से फर्जी नोटिस बनाने का मामला है, जिसका उद्देश्य नुकसान पहुंचाना, झूठे दावे का समर्थन करना या धोखाधड़ी करना है। नोटिस में आधिकारिक हस्ताक्षर, उचित संदर्भ संख्या या प्रक्रिया संबंधी जानकारी नहीं है। बयान में कहा गया, हस्ताक्षर जानबूझकर इसलिए नहीं किए गए हैं, ताकि सत्यापन और प्रमाणित किए जाने से बचा जा सके। जालसाजों का नोटिस बनाने का यह एक सामान्य तरीका है। इसके अलावा, नोटिस में बीसीआई के नाम और पते का गलत तरीके से इस्तेमाल किया गया है, ताकि यह झूठी छवि बनाई जा सके कि यह एक वैध आधिकारिक आदेश है। इस तरह की धोखाधड़ी जनता और कानूनी पेशेवरों को गुमराह करने के लिए की गई है। नोटिस में वकीलों के लिए न्यूनतम शुल्क का जिक्र किया गया है, जो केवल भ्रम और झूठ फैलाने की कोशिश है।

